हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 14.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 257 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### मुख्यमंत्री से श्री राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति के सदस्यों ने की भेंट

## देश- दुनिया के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनेगा तपोवन मंदिर : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- तपोवन मंदिर के रिनोवेशन और ब्यूटीफिकेशन में सरकार का पूरा सहयोग
- मंदिर को भव्य और आकर्षक बनाने के साथ यहां श्रद्धालुओं के लिए हो सारी जरूरी व्यवस्थाएं
- तपोवन मंदिर हमारी ऐतिहासिक धरोहर है

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति, रांची के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर के चल रहे नवनिर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी मुख्यमंत्री को दी और उन्हें इसका जायजा लेने के लिए मंदिर आने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के चल रहे निर्माण कार्य से संबंधित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा की यह मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। यह रांची की ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर के रिनोवेशन और ब्यूटीफिकेशन का कार्य बड़े स्तर पर चल रहा है और इसमें



सरकार द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा। इस मंदिर को भव्य और आकर्षक बनाने के साथ यहां श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं होगी। उन्होंने कहा कि यह मंदिर ऐसा हो कि देश- दुनिया के श्रद्धालु दर्शन करने के यहां आएं।

राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति की ओर से मुख्यमंत्री को बताया गया कि इस मंदिर का नवनिर्माण कार्य वर्ष 2029 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। फिलहाल फाउंडेशन तक का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि

अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा के निर्देशन में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर का निर्माण कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश, सचिव प्रणय कुमार, सदस्य प्रवीण कुमार वर्मा, सदस्य अयोध्या दास एवं इस मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा शामिल थे।

## आशा भोसले पंचतत्व में विलीन अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

एजेंसी



**मुंबई :** भारतीय संगीत जगत की प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले अब हमारे बीच नहीं रहीं। 92 वर्ष की उम्र में रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। दिग्गज गायिका आशा भोसले पंचतत्व में विलीन हो गईं। उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे आमिर खान और विक्की कौशल के अलावा कई सेलेब्स पहुंचे थे। राज ठाकरे ने भी उनके परिवार से मुलाकात की। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास पर सुबह से ही फिल्मी सितारे और राजनेता पहुंच रहे हैं। हर कोई नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है।

क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ महान गायिका को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। अभिनेत्री तब्बू, गीतकार जावेद अख्तर, अभिनेता जैकी श्रॉफ, नील नितिन मुकेश और संगीतकार ए.आर. रहमान सहित कई बड़ी हस्तियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम प्रणाम किया। बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख ने आवास पर पहुंचकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी दिवंगत गायिका के आवास पर उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर और पुष्प अर्पित कर आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुंबई के लोअर परेल स्थित उनके घर 'कासा ग्रांडे' के बाहर फैंस की भी भारी भीड़ उमड़ी हुई है। फैंस अपने-अपने अंदाज में उन्हें याद कर रहे हैं, कोई उनके गाने गुनगुना रहा है, तो कोई उनकी तस्वीरों के सामने खामोशी से खड़ा है। उनके बेटे आनंद भोसले ने मीडिया से बात करते हुए लोगों से अपील की है कि अंतिम संस्कार के दौरान ज्यादा भीड़ न जुटाएं, ताकि सभी प्रक्रियाएं शांतिपूर्वक पूरी हो सकें।

### एक नजर

### छत्तीसगढ़ में पांच लाख की इनामी नक्सली 'रूपी' मुठभेड़ में ढेर

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सोमवार सुबह नक्सल प्रभावित छोटेबेठिया क्षेत्र के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये की इनामी प्रतापपुर एरिया कमेटी मेंबर कैडर की सक्रिय महिला नक्सली 'रूपी' मारी गई। पुलिस ने घटनास्थल से उसका शव बरामद कर लिया है। मौके से एक रिवाल्वर भी बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों को छोटेबेठिया इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद विशेष टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। जंगल में घेराबंदी के दौरान नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में महिला नक्सली रूपी मारी गई। यह घटना सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के ठीक 12 दिन बाद सामने आई है। कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि नक्सलियों को बार-बार आत्मसमर्पण का अवसर दिया गया । मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया गया है। उन्होने कहा कि क्षेत्र में अन्य नक्सलियों की मौजूदगी हो सकती है, जिन्हें पकड़ने या निष्क्रिय करने के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग हिंसा का रास्ता नहीं छोड़ेंगे, उनके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक केस : आरोपियों की कोर्ट में हुई पेशी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 166 आरोपियों की आज कोर्ट में पेशी हुई। सभी को दोपहर 2 बजकर पांच मिनट में पांच बसों से रांची सिविल कोर्ट परिसर लाया गया और करीब 4 बजकर 10 मिनट में ए.जे.सी.1 योगेश कुमार की कोर्ट में पेश किया गया। 25-25 की संख्या में इनकी पेशी हुई।

बता दें कि शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि रड़गांव में एक अर्धनिर्मित स्थान पर 159 अभ्यर्थियों का जमावड़ा लगा है। सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल ने 11 अप्रैल की देर रात छापा मारा था। जिसमें 166 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इनमें 152 पुरुष अभ्यर्थी, 7 महिला अभ्यर्थी, 5 गैंग सरगना एवं अन्य शामिल है।

## भाजपा सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार रुकेगा : अमित शाह

एजेंसी

**आसनसोल :** पश्चिम बर्दवान जिलान्तर्गत अंडाल क्षेत्र के खांद्रा फुटबॉल मैदान में सोमवार को आयोजित चुनावी जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा।

वे रानीगंज से भाजपा प्रत्याशी पार्थ घोष के समर्थन में सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सोमवार दोपहर करीब 2:25 बजे हेलिकॉप्टर से सभास्थल पहुंचने के बाद उन्होंने लगभग 25 मिनट तक भाषण दिया। अमित शाह ने कहा कि राज्य में पिछले 15 वर्षों से तृणमूल कांग्रेस सरकार राज्य का विकास करने में विफल रही और बंगाल पीछे चला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सिंडिकेट राज कायम है, जो कोयला, बालू समेत कई क्षेत्रों को नियंत्रित करता है और इसके कारण उद्योगपति राज्य छोड़कर जा रहे हैं।

### बिहार में भाजपा के पहले सीएम की ताजपोशी 15 को

**पटना :** बिहार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के पहले मुख्यमंत्री को चुनने का रोडमैप फाइनल हो गया है। भाजपा के किसी नेता के नेतृत्व में बिहार में पहली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के गठन का भी प्लान तय हो गया है। एनडीए विधायक दल का नया नेता सीएम बनेगा और अपने नाम पर गठबंधन से मुहर लगने के बाद राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा या करेगी। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के अध्यक्ष और मौजूदा सीएम नीतीश कुमार दोपहर 2 बजे सीएम आवास पर जेडीयू विधायक दल की बैठक करेंगे। इस बैठक में नीतीश की जगह पर पार्टी किसी नए नेता को चुनेगी, क्योंकि वो सांसद बन गए हैं। 3 बजे भाजपा दफ्तर में बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। इसमें नया नेता चुना जाता है या पुराने नेता सम्राट चौधरी को फिर से चुनकर सीएम पद पर प्रोमोट किया जाता है, इस पर सबकी नजर होगी।

## भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं।

इस दौरान ईरानी राजदूत ने यह भी साफ किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले भारतीय टैंकरों से ईरान कोई टोल वसूल नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में ईरान और भारत के रिश्ते अच्छे बने हुए हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग जारी है। राजदूत के मुताबिक, ईरान और भारत के बीच साझा हित और साझा भविष्य है, इसलिए दोनों देश एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ईरान के लिए कूटनीति (डिप्लोमेसी) भी एक तरह का संघर्ष ही है। यह उनके देश के रक्षकों की लड़ाई का ही हिस्सा है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का लागू होना 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। यह अधिनियम न केवल महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को भी नई मजबूती देगा।




प्रधानमंत्री ने विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है, जो अतीत के सपनों को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है और देश के विकास की यात्रा में महिलाओं की भूमिका अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मोदी ने बताया कि संसद के आगामी सत्र में इस अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से शुरू होने वाले विशेष सत्र के माध्यम से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे पंचायत स्तर से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी को और आसान बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जा रही थी। इस विषय पर लगभग चार दशक से विमर्श चल रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों और पीढ़ियों के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। वर्ष 2023 में जब यह अधिनियम संसद में पारित हुआ, तब सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया था।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी संवाद, सहयोग और सहभागिता के माध्यम से इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संसद की गरिमा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह सामूहिक प्रयास आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के उदाहरण भी दिए।



एक नजर

## नशाखोरी पर नियंत्रण जरूरी, समाजसेवी ने जताई चिंता



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दिलीप कुमार चन्द्रवंशी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को डाक के माध्यम से पत्र भेजकर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में चन्द्रवंशी ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है। इसके कारण कई परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से बबार्दी की कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि शराब, अफीम और ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थों का सेवन विशेषकर युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नशाखोरी के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही, कई लोग जुआ और अन्य अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त होकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रहे हैं। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। चन्द्रवंशी ने सरकारी कर्मियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कोई कर्मचारी नशाखोरी या गलत गतिविधियों में लिप्त होकर अपने परिवार की उपेक्षा करता है, तो उसकी शिकायत पर तत्काल जांच होनी चाहिए। आरोप प्रमाणित होने पर संबंधित कर्मी को सेवा से हटाने तथा उसके आश्रितों को योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए। अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मानवीय दृष्टिकोण के साथ कठोर नीति बनाई जाए, ताकि इस समस्या पर अंकुश लगाया जा सके और प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

## निजी स्कूलों की बढ़ती मनमानी से अभिभावक परेशान

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में निजी स्कूलों की मनमानी एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी स्कूल प्रबंधन द्वारा विभिन्न मदों में मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि फाइनल परीक्षा समाप्त होते ही जहां पहले पुनः नामांकन की प्रक्रिया होती थी, वहीं अब कई स्कूलों ने इसे स्कूल डेवलपमेंट फीस का नाम देकर नई व्यवस्था लागू कर दी है। इसके साथ ही नई ड्रेस और किताबों के नाम पर भी अभिभावकों से भारी रकम वसूली जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि बिना किसी ठोस कारण के हर साल बच्चों की किताबें और यूनिफॉर्म बदलवा दी जाती हैं। कई स्कूलों में निर्धारित दुकानों से ही सामग्री खरीदने का दबाव बनाया जाता है, जबकि कुछ विद्यालय स्वयं ही ड्रेस और किताबें उपलब्ध कराते हैं और इसके लिए अधिक कीमत वसूलते हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावकों के पास कोई विकल्प नहीं बचता और उन्हें मजबूरी में अधिक भुगतान करना पड़ता है। प्रखंड के कई नामी निजी स्कूलों में लगभग एक जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के अभिभावकों के लिए यह अतिरिक्त खर्च बड़ी चिंता का कारण बनता जा रहा है। उनका कहना है कि शिक्षा अब सेवा के बजाय व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां हर साल नए-नए शुल्क जोड़कर आर्थिक दबाव बढ़ाया जा रहा है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही स्कूलों की फीस संरचना, ड्रेस और किताबों की अनिवार्यता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत बताई है।

### यूथ विंग ने पेश की मानवता की मिसाल 325 यूनिट रक्त संग्रहण कर रचा नया इतिहास

# मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण है हजारीबाग यूथ विंग का यह महा रक्तदान शिविर : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हजारीबाग यूथ विंग ने साल 2026 में मानवता की सेवा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचकर कीर्तिमान स्थापित किया। संगठन द्वारा लक्ष्मी सिनेमा हॉल में अबतक का सबसे बड़ा एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 325 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह शिविर समाज और मानवता की सेवा के प्रति संगठन की निष्ठा और समर्पण का प्रतीक बना। महज कुछ घंटों में ही इतने अधिक रक्तदाताओं का शिविर में पहुंचना और बिना किसी झिझक के रक्तदान करना, अपने आप में एक मिसाल बन गया। शिविर में हजारीबाग पुलिस विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। वही रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सदर अस्पताल की टीम के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। शिविर की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि रक्तदान को लेकर लोगों में असाधारण उत्साह और जोश देखने को मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ी और बड़ी संख्या में रक्तदाता प्रेरित हुए। आयोजन स्थल पर सुबह से ही रक्तदाताओं की भीड़ उमड़ने लगी, और रक्तदान के प्रति उनका समर्पण देखते ही बना।




**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से उमड़ा जनसैलाब**

इस शिविर में न केवल शहरी क्षेत्रों से, बल्कि ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करने पहुंचे। रक्तदान को लेकर लोगों में इतनी जागरूकता थी कि युवा और महिलाएं सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह दिखाता है कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना लगातार बढ़ रही है और लोग मानवीय सहायता के लिए तत्पर हैं।

**महिलाओं ने भी निभाई अहम भूमिका**

इस रक्तदान शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने रक्तदान कर यह साबित कर दिया कि समाजसेवा में वे भी किसी से पीछे नहीं हैं।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई जल यात्रा कैरी पिपराही में दिखी आस्था की झलक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के दैहर पंचायत अंतर्गत ग्राम कैरी पिपराही में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के अवसर पर सोमवार को भव्य जल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी नागेंद्र कुशवाहा ने मुख्य पुजारी को कलश प्रदान कर किया। जल यात्रा में कुल 251 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भक्ति भाव से कैरी पिपराही से बेंदुवारा नदी तक पहुंचे। इस दौरान पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। भजन-कीर्तन करते हुए श्रद्धालु नदी तट तक पहुंचे, जहां पंडित जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ जल भरने की प्रक्रिया संपन्न कराई। नदी से जल भरने के बाद श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल कैरी पिपराही



लौटे, जहां विधि-विधान के साथ जल की स्थापना की गई। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पंडित जी महाराज, कोठारी सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।आयोजन समिति के अनुसार यज्ञ को लेकर गांव में धार्मिक माहौल बना हुआ है और आने वाले दिनों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

## हजारीबाग में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, सह रुद्र महायज्ञ शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के सिन्दूर गांव में सोमवार से श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। पहले दिन सोमवार को श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। यात्रा पूरे गांव में भ्रमण कर यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, जलाधिवास एवं अन्नाधिवास जैसे वैदिक अनुष्ठान संपन्न हुए। संध्या के समय आरती,



पुष्पांजलि, भोग निवेदन एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजकों के अनुसार यह पांच दिवसीय आयोजन 17 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें सह रुद्र महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 14 अप्रैल को अग्नि उत्पन्न कर हवन आरंभ, नगर भ्रमण एवं अन्य अनुष्ठान होंगे। 15 अप्रैल को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, 16 अप्रैल को माता का भव्य जागरण तथा 17 अप्रैल को देवी-देवताओं का विसर्जन, ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। महायज्ञ के यज्ञाचार्य मनोज पांडेय हैं, जबकि आचार्य धीरज पाण्डेय एवं आचार्य दिनेश पाण्डेय द्वारा वैदिक अनुष्ठानों का संचालन किया जा रहा है। आयोजन समिति में अध्यक्ष बसंत मेहता, उपाध्यक्ष रामटहल मेहता, सचिव निर्मल मेहता, कोषाध्यक्ष राकेश प्रसाद जय लाल मेहता, सुरेंद्र मेहता, अर्जुन मेहता, पिंटू यादव, संतोष सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में उमड़ा महिलाओं का जनसैलाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने वाले ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर हजारीबाग में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा हजारीबाग के झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय से जागरूकता के उद्देश्य से एक विशाल महिला पदयात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह और जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। हाथों में तख्तियां और भाजपा का झंडा थामे हजारों महिलाओं का यह काफिला शहर के मुख्य मार्ग झंडा चौक, मेन रोड, पैगोडा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड और अन्नदा चौक से होते हुए नगर प्रेक्षागृह पहुंचा,




जहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में इस अधिनियम के दूरगामी प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस पदयात्रा को रवाना करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने इस अधिनियम को विकसित भारत के निर्माण में एक युगांतकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह कानून महिलाओं को महज एक वोटर से आगे बढ़ाकर नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाएगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दे शासन की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर होंगे। उन्होंने पिछले दशक की सफलताओं जैसे उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि और मुद्रा ऋण का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह राजनैतिक सशक्तिकरण भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संवेदनशील बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं, बल्कि 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' के उस दृष्टिकोण को साकार करने की पहल है जो आगामी 2026 के विशेष सत्र के बाद देश की दिशा और दशा बदलने में सहायक सिद्ध होगी ।

## चंदौल में मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती, शोभा यात्रा आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** चंदौल गांव में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती आज काफी धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह 9:00 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी, दोपहर 12:00 बजे पूजा, 1:00 बजे से वाचन, एवं शाम 3:00 से रात्रि 11:00 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ पवन कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जिप सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष असेश्वर राम, पंसस सुनीता देवी, मुखिया इतवरिया देवी एवं अन्य विशिष्ट लोग शामिल हैं। उक्त कार्यक्रम के नंदकिशोर राम अध्यक्ष, अजय कुमार दास सचिव एवं अवध कुमार दास कोषाध्यक्ष हैं।



### 16 अप्रैल को आर एन आर ढेंगा कॉलोनी मे डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का होगा अनावरण

**बड़कागांव :** बड़कागांव आर. एन. आर कॉलोनी ढेंगा में 16 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा एवं आदमकद प्रतिमा का अनावरण होगा। समारोह को भव्य तरीके से मनाने को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। कार्यक्रम का आयोजनकर्ता अंबेडकर युवा क्लब सोनबरसा के द्वारा तैयारी की जा रही है। 16 अप्रैल को कलश शोभायात्रा सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक। अतिथि स्वागत एवं शुभ वाणी कार्यक्रम 11:00 से 2:00 तक, 2:00 से 7:00 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड के कई प्रबुद्ध विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की बैठक, संचालन समिति गठित, डॉ सुनील दत्त अध्यक्ष, संजय दुबे सचिव

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा: विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की बैठक अध्यक्ष सह विधायक मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता एवं स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के सचिव कृष्णा प्रजापति की संचालन में हुई। मौके पर स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन को लेकर संचालन समिति गठित की गई। गठित कमेटी में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दत्त, उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार यादव,



तुलसी प्रसाद यादव, सचिव संजय कुमार दुबे, संयुक्त सचिव मथुरा प्रसाद को बनाया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम सेमिनार प्रभारी दीपक गुप्ता, सांस्कृतिक आयोजन प्रभारी मनोज घोष, इंटरनेट प्रबंधन प्रभारी हिमांशु कुमार बमबम, पाठ्यक्रम प्रभारी सतेंद्र कुमार शर्मा, खेल प्रभारी रविकांत ओम, मीडिया सह विज्ञापन प्रभारी आलोक कुमार, सदस्यता प्रभारी रणजीत सिंह, कोष प्रभारी दिनेश यादव एवं भौतिक संसाधन प्रभारी किशोर राणा को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा अन्य बुद्धिजनों को इस समिति में जोड़ने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विधायक सह अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का बेहतर संचालन हो इसके लिए स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के द्वारा स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति गठित की गई है। इस समिति का यह दायित्व होगा कि इस पुस्तकालय के माध्यम से बरही शिक्षा के प्रति बच्चों में नई ऊर्जा संचारित हो। शैक्षणिक गतिविधि आधारित कार्यक्रम होता रहे। कहा कि फिलहाल पांच कंप्यूटर लगाया जाएगा। सचिव कृष्णा प्रजापति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय एक शैक्षणिक धरोहर है। इसे बेहतर बनाने में आप सभी शिक्षक समुदाय का अहम रोल है। उम्मीद है कि नव गठित संचालन समिति ट्रस्ट की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। उपस्थित लोगों ने पुस्तकालय संचालन के लिए अपना समय देने का संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष हीरामन साव ने किया।

संक्षिप्त खबरें

### आर. एन.वाई.एम कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



**बरही :** रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में माइक्रोफाइनेंस कंपनी सैटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड के एचआर, मैनेजर एवं स्थानीय शाखा प्रबंधक शामिल थे। कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्र छात्राओं को जॉब के विभिन्न अवसरों और करियर ग्रोथ के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ अरुणा रानी ने कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज के छात्र छात्राएं प्रतिभावान हैं। अवसर मिलने पर वे अपनी प्रतिभा से किसी भी कंपनी का ग्रोथ बढ़ा सकते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि जहां भी उन्हें अवसर मिले वे अनुशासन, मेहनत और प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने को सिद्ध करें। कंपनी के एचआर एवं प्रबंधन टीम ने छात्राओं को कंपनी की कार्यप्रणाली, जॉब प्रोफाइल, सैलरी स्ट्रक्चर और प्रशिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्य के इच्छुक छात्र छात्राओं ने अपना बायोडाटा दिया। कॉलेज के प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ ब्रह्मदेव मोदी ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्र छात्राओं को उद्योग जगत से जुड़ने का अवसर मिलता है और उनमें रोजगार क्षमता की वृद्धि होती है। कॉलेज कैंपस में प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन के लिए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर कॉलेज अध्यापक डॉ एपी सिंह, डॉ अजय रविदास, डॉ महेश यादव, डॉ अशोक कुमार समेत शिक्षक एवं शिक्षिकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

### "पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला मुख्य अतिथि बनकर हुए दो कार्यक्रमों में शामिल"





**चौपारण :** प्रखंड के भगहर पंचायत में आयोजित दो अलग-अलग कार्यक्रमों में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता यदुनंदन यादव, युवा समाजसेवी लालू कुमार यादव सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पहला कार्यक्रम ग्राम लोहरा में मनोज यादव के नव-निर्मित मकान के गृह प्रवेश के अवसर पर आयोजित जल यात्रा का था। इस मौके पर पूर्व विधायक ने पूजा-अर्चना में भाग लेकर परिवार को शुभकामनाएं दीं और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। जल यात्रा में ग्रामीणों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं, दूसरा कार्यक्रम ग्राम परसातरी में स्वर्गीय जगदीश यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित प्रतिमा अनावरण समारोह का था। पूर्व विधायक ने प्रतिमा का अनावरण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर यदुनंदन यादव, लालू यादव, दशरथ यादव, विनोद यादव, दिलीप यादव, अरविंद यादव, कमलेश यादव, मिथिलेश केसरी, उमेश यादव, मनोज यादव, रंजीत यादव, सहदेव यादव, राकेश केसरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 52 लाख राशि को लेकर फैल रही भ्रामक खबरें अभी पंचायत को नहीं मिला फंड : बिरेंद्र रजक



**बरही :** 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत पंचायत को करीब 52 लाख राशि मिलने की खबरों को लेकर चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उक्त राशि अभी तक पंचायत के खाते में प्राप्त नहीं हुई है। साथ ही कहा कि राज्य स्तर पर राशि का आवंटन एवं रिलीज एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाता है। इसके बाद प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करते हुए राशि पंचायत स्तर तक पहुंचती है, जिसमें कुछ समय / सप्ताह लगना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ फैल रही यह अफवाह कि राशि मिलने के बावजूद उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है, पूरी तरह निराधार और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि जैसे ही राशि प्राप्त होगी, उसे प्राथमिकता के साथ विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा।

### स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्यालय में नामांकित नए बच्चों को तिलक लगाकर किया गया स्वागत



**बड़कागांव :** बड़कागांव के खरांटी गांव में स्थित स्वामी विवेकानन्द सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर स्कूल में नये नामांकित बच्चों को विद्यालय के निदेशक विजय यादव के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। निदेशक विजय यादव ने कहा कि इस प्रकार की कार्यक्रम से स्कूल की संस्कार बरकरार रहती है। बच्चों में संस्कार का उत्सर्जन होता है एवं शिक्षा के प्रति मनोबल बढ़ता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार राम, सहायक शिक्षक श्री सुरेश प्रजापति,ज्योतिदर प्रजापति ,मोहन यादव,तालो सोरेन,अनु कुमारी, बबीता कुमारी, निशा कुमारी, उदित कुमार, बसंत कुमार एवं सभी आचार्य एवं दीदी, भैया जी मौजुद थे।

### 20 अप्रैल से 5 मई तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**बरही :** प्रखंड क्षेत्र में फाइलेरिया रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से बरही क्षेत्र आगामी 20 अप्रैल से 5 मई तक विशेष रूप से दवा खिलाने का अभियान चलाया जाएगा।इस संबंध में बरही अनुमंडलीय अस्पताल डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 20 अप्रैल को बूथ बनाए जाएंगे, जहां लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को ही सभी लोगों को अपने-अपने नजदीकी बूथ पर जाकर दवा लेनी है तथा जो लोग समय पर बूथ पर जा कर दवा नहीं ले पाएंगे उन्हें स्वास्थ्यकर्मी उसके घर जाकर दवा खिलाएंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति इससे अभियान से वंचित न रहे। उन्होंने बताया फाइलेरिया के कारण हाथी पांव जैसी गंभीर और लाइलाज बीमारी हो सकती है, लेकिन यदि कोई व्यक्ति लगातार तीन वर्षों तक नियमित रूप से फाइलेरिया की दवा का सेवन करता है, तो वह इस बीमारी से पूरी तरह मुक्त हो सकता है।इस सम्बंध में उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं , बुद्धि जीवी वर्ग एवं आम लोगों से अपील किया कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करें।

## एक नजर

### पेड़ से लटकता मिला युवक-युवती का शव जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : पुलिस ने सोमवार को रांची के बुंडू थाना क्षेत्र के माझी टोला स्थित पगला बाबा मैदान के पेड़ में फंदे से लटकता युवक-युवती का शव बरामद किया है। मृत युवती का नाम आरती कुमारी (17) और युवक की पहचान अर्जुन पाहन (25) के रूप में हुई है। युवती बुंडू के निउरी गांव की रहने वाली थी। युवती की शादी तय हो चुकी थी। युवती को लड़का पक्ष देखने आने वाला था। अर्जुन युवती का जीजा है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने सुबह पेड़ पर युवक-युवती का शव लटकता देखा। इसके बाद मामले की जानकारी बुंडू थाने की पुलिस को दी। सूचना पाकर बुंडू थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में बुंडू थाना प्रभारी ने बताया प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग में खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मृत युवक-युवती जीजा -साली थे।

### झारखंड के 12 जिलों में 17 अप्रैल को लू का येलो अलर्ट

**रांची** : झारखंड में एक बार फिर गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में 17 अप्रैल को लू चलने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों में लू का असर देखने को मिल सकता है, उनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रांची, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। सोमवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली रही। दोपहर होते-होते गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए। गौरतलब है कि हाल ही में राज्य के कई हिस्सों में हुई बारिश के कारण अधिकतम तापमान में करीब 9 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई थी। लेकिन पिछले तीन-चार दिनों से मौसम साफ रहने के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 24 घंटों के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 16.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री और न्यूनतम 24.7 डिग्री, डाल्टनगंज में 39.8 और 20.8 डिग्री, बोकारो में 38.1 और 20.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि लू के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और धूप से बचाव के उपाय अपनाएं।

### स्कूली छात्रों को दी गई वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**रांची** : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 7 से 13 अप्रैल 2026 तक "ज्ञान अभियान" के अंतर्गत स्कूली छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कस्तूरबा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, नामकुम एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बुंडू में कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह तथा साख फाउंडेशन के मनोज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए एचआरआईएस लागू करने की तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने ह्यूमन रिसोर्स इंफॉर्मेशन सिस्टम यानी एचआरआईएस लागू करने की दिशा में पहल शुरू की है।
इस संबंध में आज अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण आयोजित किया गया, जिसमें प्रस्तावित प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक के बाद निर्देश दिया गया कि एचआरआईएस सॉफ्टवेयर का विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए और इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आउटसोर्सिंग एवं संविदा कर्मियों के लिए 1 अगस्त 2026 से लागू किया जाए। बैठक में अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, 104 एचआरआईएस के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रितेश गुप्ता, तकनीकी विशेषज्ञ और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।
विभाग के अनुसार वर्तमान में मानव संसाधन से जुड़ा डेटा अलग-अलग जिलों और संस्थानों में अलग स्वरूप में उपलब्ध है, जिससे डेटा असंगतता, निर्णय लेने में देरी और रियल टाइम जानकारी की कमी जैसी समस्याएं सामने आती हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए एचआरआईएस को एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जा रहा है।
इस सिस्टम के जरिए कर्मचारियों की पूरी सेवा अवधि, नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक, एक ही प्लेटफॉर्म पर प्रबंधित की जाएगी। इसमें भर्ती, उपस्थिति, अवकाश, वेतन प्रबंधन, प्रदर्शन मूल्यांकन और प्रशिक्षण जैसे मॉड्यूल शामिल होंगे। कर्मचारियों के लिए सेल्फ सर्विस पोर्टल की सुविधा भी दी जाएगी।
नई व्यवस्था के तहत वेतन बिल का सृजन केवल आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के सफल सत्यापन के बाद ही होगा। ओटीपी के स्थान पर अनिवार्य बायोमेट्रिक प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनेगी। इसके जरिए ट्रेजरी और रठअ स्पर्श के माध्यम से वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।
एचआरआईएस के लागू होने से विभाग को रियल टाइम वर्कफोर्स की जानकारी मिलेगी, जिससे डेटा आधारित निर्णय लेने में आसानी होगी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही मैन्युअल काम में कमी, वेतन त्रुटियों में सुधार, ट्रांसफर और पोस्टिंग प्रक्रिया में तेजी और डेटा डुप्लीकेशन में कमी आने की उम्मीद है।
डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिस्टम में रोल बेस्ड एक्सेस, टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन, एन्क्रिप्शन और ऑडिट ट्रेल जैसी आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी।

## अंबेडकर जयंती पर आजसू का राज्यभर में होंगे कई कार्यक्रम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पार्टी की ओर से सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।
कार्यक्रम के तहत सुदेश महतो रांची के पिठौरिया चौक पर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इसके अलावा वे सिल्ली, सोनाहातु और खिजरी में आयोजित अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।
वहीं, पार्टी की रांची महानगर इकाई की ओर से हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में डॉ. देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। आजसू पार्टी द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम सामाजिक समरसता और संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं।

## सवैधानिक पदों पर देरी पर हाई कोर्ट नाराज लोकायुक्त पर एक हफ्ते में अनुशंसा का आश्वासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय में सोमवार को राज्य के अहम संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार ने लोकायुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। सरकार ने अदालत को बताया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए अनुशंसा एक सप्ताह के भीतर राज्यपाल को भेज दी जाएगी।
मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में भी सरकार ने अदालत को अवगत कराया कि कुछ नाम पहले ही राज्यपाल को भेजे जा चुके हैं। हालांकि, राज्यपाल द्वारा कुछ नामों पर आपत्ति जताई गई है, जिन पर फिलहाल सरकार विचार कर रही है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित की है।
दरअसल, यह सुनवाई राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर दायर जनहित याचिका और राजकुमार द्वारा दायर अवमानना याचिका पर हो रही थी। पिछली सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं ने अदालत को बताया था कि कई संवैधानिक संस्थाओं में तीन से पांच वर्षों से पद खाली पड़े हैं, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इन पदों को जल्द भरने की मांग की थी।
इस पर राज्य सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया था कि लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग में नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही इन पदों को भर लिया जाएगा।

## उत्पाद सिपाही परीक्षा कथित पेपर लीक की आप ने राज्यपाल से की सीबीआई जांच की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आप झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने एक्साइज कांस्टेबल कंपटीटिव परीक्षा 2023 में सामने आई कथित अनियमितताओं को लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश सचिव प्रीतम मिश्रा के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में परीक्षा को रद्द करने और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इसी मुद्दे पर मांगपत्र सौंपा जा चुका है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा और जोनल पर्यवेक्षक राजेश लिंडा भी शामिल रहे।
ज्ञापन में मांग की गई कि एक्साइज कांस्टेबल परीक्षा की चयन प्रक्रिया को तत्काल स्थगित किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही जेएसएससी की सभी परीक्षाओं को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए ठोस सुधार लागू करने की मांग की गई। आरोप लगाया गया कि सैकड़ों अभ्यर्थियों के पेपर 2 में चयनित क्षेत्रीय भाषा को उनकी सहमति के बिना बदल दिया गया, जबकि पहले ही सुधार के लिए आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद त्रुटिपूर्ण एडमिट कार्ड जारी किया जाना गंभीर लापरवाही बताया गया। प्रदेश सचिव प्रीतम मिश्रा ने इसे केवल तकनीकी गलती नहीं बल्कि सुनियोजित गड़बड़ी बताया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा ने कहा कि लगातार सामने आ रही अनियमितताएं चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती हैं।

## सेंट जेवियर्स कॉलेज में लिविंग विद एआई पर कार्यशाला का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : सेंट जेवियर्स कॉलेज में लिविंग विद एआई विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन कंप्यूटर विज्ञान विभाग एवं जेवियर की टेकबाइट सोसायटी द्वारा प्रयोग इंडिया, रांची तथा आईक्यूएसी के सहयोग से किया गया। इसमें लगभग 300 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ। फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स के बढ़ते उपयोगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज अक स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और संचार जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है।
कंप्यूटर विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ। स्वराट चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में एआई हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। उन्होंने छात्रों को इस क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों को सीखने और अपनाने के लिए प्रेरित किया।
कार्यशाला के संयोजक डॉ। कमलदीप ने इसके उद्देश्य, विजन और मिशन को स्पष्ट करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन छात्रों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान प्रयोग इंडिया, रांची से आए विशेषज्ञों ने अक और रोबोटिक्स से जुड़े उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। छात्रों को इन उपकरणों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला, जिससे उनकी समझ और रुचि में वृद्धि हुई।

# निगम का सख्त एक्शन : गिफ्ट डीड की भूमि पर अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस, 5 दुकानों को हटाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : नगर निगम द्वारा गिफ्ट डीड के अंतर्गत प्राप्त भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध अब जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। विगत दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में गिफ्ट डीड की भूमि पर अवैध अतिक्रमणों की पहचान कर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया गया। गिफ्ट डीड की भूमि केवल सार्वजनिक उपयोग और निर्धारित उद्देश्यों के लिए है।
खलील रेजिडेंसी, कर्बला चौक गिफ्ट डीड की भूमि पर अतिक्रमण के 5 दुकानों को हटाया गया। इंडसइंड बैंक, लालपुर के गिफ्ट डीड की भूमि पर बने दुकान, दृष्टि आईएएस, लालपुर चौक के गिफ्ट डीड की भूमि पर निर्मित गुमटी, पारिजात भवन, सर्कुलर रोड के गिफ्ट डीड में बने संरचना, हरिओम टावर के समक्ष गिफ्ट डीड की भूमि पर बने दुकान, अशोक नगर से अरगोड़ा मार्ग में स्थित साईं आर्केड बिल्डिंग के गिफ्ट डीड की भूमि पर टाइल्स और फ्लोरिंग का कार्य, हिनू मेन रोड स्थित गिफ्ट डीड की भूमि (खाता सं० 203, प्लॉट नं० 509) पर अस्थाई रूप एसबेस्ट्स शीट डालकर निर्मित श्री प्रसाद किचन हाउस नाम के दुकान को हटाया गया। नगर आयुक्त कहा कि यदि भवन स्वामियों, भू:स्वामियों और बिल्डर्स की सहमति से संबंधित के गिफ्ट डीड की भूमि में किसी प्रकार का अतिक्रमण/दुकान संचालन या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो रांची नगर निगम द्वारा उक्त के विरुद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। नगर निगम सभी भवन स्वामियों, बिल्डर्स, भू-स्वामियों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील किया है कि वे अपने दस्तावेजों की समीक्षा कर गिफ्ट डीड की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण तत्काल स्वयं हटाएं, अन्यथा निगम द्वारा विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आशा भोसले के निधन से गीत-संगीत की दुनिया में सूनापन आ गया : सुबोधकांत सहाय



**रांची** : पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने मशहूर गायिका आशा भोसले जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपनी शोक संवेदना में श्री सहाय ने कहा है कि आशा भोसले जी के निधन का समाचार मर्माहत करने वाला है। उनकी मधुर आवाज ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी मखमली आवाज ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी आशा भोसले जी भक्ति गीतों से लेकर गजल गायकी, शास्त्रीय गीत-संगीत गायन, लोकगीत, पॉप गीत सहित संगीत की हर शैली में गायकी का परचम लहराया। उनके गाए गीत हमेशा अमर रहेंगे, संगीत प्रेमियों के दिल-दिमाग में छाए रहेंगे। श्री सहाय ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों, प्रशंसकों व संगीत प्रेमियों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### वरुथिनी एकादशी को लेकर श्याम मंदिर में भक्तों की दिखी भीड़



**रांची** : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सोमवार को वरुथिनी एकादशी को लेकर मंदिर में प्रात: काल से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सुबह 5:00 बजे मंदिर के नियमित पट खुले इसके बाद 5:30 बजे की मंगला आरती की गई। कुछ देर बाद मंड के पर्दे लगाकर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्याम का प्रात: कालीन दिव्य श्रृंगार किया गया। प्रात: 8:30 बजे श्रृंगार आरती में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही हरमू रोड में हारे के सहारे की जय श्याम प्यारे की जय के जयकारो की आवाज सुनाई दे रही थी। भक्त अपने आराध्य देव के आगे अपनी अर्जी मनोहर मनोकामना लेकर लाइन में लगे हुए थे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी इस दरबार में अर्जी लगाते हैं उनकी अर्जियां बाबा जरूर पूर्ण करते हैं। श्रृंगार आरती के बाद जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के जयकारा के भजनों से मंदिर परिसर गुंजायमान था। दोपहर 12:30 बजे के उपरांत विश्राम के लिए मंदिर के पट लगाए गए। 4:30 बजे पुन: जब पट खुले तो काफी संख्या में भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। मंडल के सदस्य आनंद चौधरी ममता चौधरी ने बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेडा रबड़ी मगहीपान फल का भोग अर्पण किया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया ने गणेश वंदना से भजन संकीर्तन प्रारंभ किया इसके बाद वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा ने गुरु जी की वंदना राजेश चौधरी ने हनुमान जी की वंदना अनुज मोदी ने रानी सती दादी की वंदना प्रवीण अग्रवाल ने भोले बाबा की वंदना एवं सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल ने श्याम बाबा की वंदना से भक्तों को रिझाया। देर रात्रि आरती के साथ एकादशी संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, महामंत्री गौरव अग्रवाल, मंत्री विष्णु चौधरी, पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, राजेश ढांढनीया, स्नेह पोद्दार, अनिल ननोर्ली, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, कृष्ण शर्मा, यश सुरेका आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित थे।

### प्रणामी मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया महाप्रसाद ग्रहण



**रांची** : प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में सोमवार को 261 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राधा रानी जी का दिव्य आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। इसके बाद महाप्रसाद का विधिवत भोग मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने लगाई। महाप्रसाद में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, आलू चिप्स, जलजीरा का जूस बोतल बंद का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में सैकडों श्रद्धालुओं में महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर भजन-संध्या में ट्रस्ट के भजन गायकों ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। इसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और श्रद्धालुओं में दर्शन किया। इस अवसर पर डूंगरमल अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, पवन पोद्दार, ज्ञान चंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### नील षष्ठी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़ महिलाओं ने किया पूजा-अर्चना



**सिल्ली** : सिल्ली, मूरी आसपास के सभी शिवालयों में नील षष्ठी के पावन अवसर पर शिव और पार्वती का पूजा किया गया। यह पूजा चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है।व्रती महिलायें सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे। नील षष्ठी के अवसर पर शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने भगवान शिव और पार्वती की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं सिल्ली बाजार में स्थित शिव मंदिर में पुजारी पिनाकी बनर्जी के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा किया गया। सिल्ली के विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोगों ने भगवान शिव को नील कमल, बेलपत्र, और अन्य पूजा सामग्री अर्पित की।

### बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर रैली व समारोह का आयोजन आज

**सिल्ली**: बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को सिल्ली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अंबेडकर ग्राम विकास समिति, सिल्ली रांची के तत्वावधान में यह आयोजन आंबेडकर पार्क सिल्ली में संपन्न होगा। कार्यक्रम के तहत दोपहर 3 बजे ग्राम विकास स्कूल सिल्ली से मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंचेगी। इसके उपरांत बाबा साहेब की जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संविधान दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला जाएगा तथा बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**एक नजर**

## महिला ने पति के गुम होने पर थाना में कराई सनहा दर्ज

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोश डिहरा निवासी सुनीता देवी ने अपने पति विकास कुमार यादव के गुम हो जाने को लेकर थाना में तनहा दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में सुनीता देवी ने बताई कि मेरे पति चौधरी मूवर्स प्राइवेट लिमिटेड में गाड़ी चलाने का काम करते हैं। 10 दिन पूर्व में ग्राम कुश्तीरा से गाड़ी चलाने के लिए गए हुए थे 12 अप्रैल को उनसे मेरी बात हुई उसके बाद से उनका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। मेरे पति का नम्बर 7672021889 है।

## पासपोर्ट सत्यापन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कोडरमा पुलिस को मिला सम्मान



**कोडरमा :** पासपोर्ट सत्यापन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोडरमा पुलिस को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची द्वारा प्रशंसा पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सत्यापन कार्य का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया। इस दौरान आवेदकों के सत्यापन में गुणवत्ता, निष्पक्षता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे पासपोर्ट कार्यालय ने कोडरमा पुलिस के कार्यों की सराहना की। एसपी ने इस उपलब्धि पर सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए इसे टीम वर्क और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम बताया। साथ ही पारपत्र शाखा के कर्मियों को नगद पुरस्कार देकर आगे भी बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। कोडरमा पुलिस ने भविष्य में भी आम जनता को त्वरित एवं बेहतर सेवाएं देने की प्रतिबद्धता जताई है।

## कोडरमा में बन रहे चंद्रवंशी भवन निर्माण कार्य को अविलंब पूरा किया जायेगा : मंच

**कोडरमा :** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा जिला कमिटी की मासिक बैठक रविवार को कोडरमा वार्ड नंबर 15 राजाबागी कमिटी सदस्य प्रकाश राम के आवास पर मुख्य संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, बीरेंद्र राम, जयप्रकाश राम ,सीता राम भगत जी, उपेन्द्र वर्मा की उपस्थिति, अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता, सचिव चंद्रवंशी महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम कोडरमा जिला में लग रहे भारी भरकम होल्डिंग टैक्स पर 2016 से ही हो रहे जनमानस के द्वारा किए जा रहे आंदोलन को झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार ने संज्ञान में लेते हुए पूरे राज्य में एक समान होल्डिंग टैक्स रेट ऑफ सर्किल का संयोजित किया जिससे कोडरमा के जनता को भारी भरकम होल्डिंग टैक्स से कुछ राहत मिलने पर चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा झारखंड सरकार के जनहित में लिए गए निर्णय जैसे सराहनीय कार्य का स्वागत करते हुए धन्यवाद देने का कार्य किया। वही बैठक में कोडरमा में बन रहे चंद्रवंशी भवन निर्माण कार्य में अधूरे बाउंड्री वाल को पूरा करने सामाजिक जन सहयोग हेतु कोष संग्रह पर जोर दिया गया जिसके तहत समाज के प्रत्येक परिवार या (हड़िया) हर घर से सहयोग लेने का निर्णय लिया गया जिसके लिए कोष संग्रह कमिटी बनाया गया। वही मंच ने महसूस किया कि समाज की सामाजिक एकता, शैक्षणिक विकास के भारी गिरावट पर चिंता जाहिर करते हुए इसे मजबूत करने हेतु सामाजिक सरोकार को बढ़ाते हुए सेमिनार ,जीवी बैठक आदि जैसे कार्यक्रम कराने पर विचार विमर्श किया गया।

# कोडरमा कोर्ट का बड़ा फैसला, तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** हत्या किए जाने किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने आरोपियों 1. मदन साव पिता- छत्रर साव, 50 वर्ष, 2.मुकेश साव, पिता- मदन साव 24 वर्ष, 3. सरिता देवी- पति- मदन साव, 49 वर्ष, सभी ग्राम- बेकोवार, कोडरमा, जिला- कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20,000-20, 000, जुर्माना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने 148, आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 2 साल कारावास एवं ?2000 जुमार्ना लगाया। इसी प्रकार न्यायालय ने 341, 323, 324, 337, आईपीसी मे अलग-अलग सजा सुनाई व जुमार्ना लगाया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। जुमार्ना की राशि पीड़ित परिवार को दी जाएगी। मामला वर्ष 2021 का है । इसे लेकर कोडरमा थाना में थाना कांड संख्या 107/ 2021, दर्ज कराया गया था। थाना को दिए आवेदन में मृतक के भाई ने कहा था कि महेंद्र साहब घर से 10/ 6 /2021 को करीब 10 बजे दिन काम पर जाने के लिए घर से निकला था रास्ते में मदन साव, मुकेश साव, सरिता देवी एवं अन्य सात-आठ लोग घेरकर जान मारने की नीयत से धारदार हथियार से मारपीट करने लगे। आवाज सुनकर जब मैं, मेरी पत्नी व मेरे बेटे बचाने गए तो हम लोगों को भी मारपीट किया, मेरे भाई महेंद्र साव के सर और कान में धारदार हथियार से वार किया। जिससे महेंद्र साहब वहीं गिर गया और उसके सर और कान से काफी खून बहने लगा वही मेरी पत्नी और मेरा बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मेरे भाई महेंद्र साव को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया । कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत तीनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया।

### कोडरमा में मासिक अपराध समीक्षा बैठक, एसपी ने दिए सख्त निर्देश

## लंबित कांडों के निष्पादन, अवैध कारोबार पर रोक व ट्रैफिक व्यवस्था सुधार पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्च 2026 में दर्ज कांडों एवं पूर्व से लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं वारंट-इश्तिहार के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। अवैध शराब, कोयला, बालू व पत्थर के उत्खनन और तस्करी पर सख्ती से रोक लगाने को कहा गया। ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ओवरस्पीडिंग व ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ कार्रवाई तेज करने तथा सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में ईद, सरहुल एवं रामनवमी के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना की गई। अंत में विभिन्न समस्याओं के समाधान पर चर्चा करते हुए बैठक का समापन किया।

## उर्स में गूंजा सूफियाना रंग, बरकाकाना में कव्वाली ने रची सांस्कृतिक एकता की मिसाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना :** हजरत हेदायतुल्लाह शाह दाता रहमतुल्लाह अलेह के 41वें उर्स के अवसर पर बरकाकाना में भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सूफियाना कलाम और देशभक्ति गीतों ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण बना दिया। देर रात से लेकर सुबह तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी और हर प्रस्तुति पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। कार्यक्रम में मुंबई के मशहूर कव्वाल आरिफ नाज और झारखंड की चर्चित कव्वाला शाहीन सबा भारती के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिला। आरिफ नाज ने ह्लस्वर्ग से सुंदर, सपनों से प्यारा है अपना हिंदुस्तानह्व जैसे गीतों से देशभक्ति और मोहब्बत का संदेश दिया, जिस पर लोग देर तक झूमते रहे। वहीं शाहीन सबा भारती ने हिंदी, भोजपुरी और सूफी रंग से सजे कई गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बरकाकाना में उर्स के मौके पर जिस तरह सभी समुदाय के लोगों ने मिलकर चादरपोशी और कव्वाली में भाग लिया, वह गंगा-जमुनी तहजीब की सशक्त मिसाल है। यह आयोजन आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला है। कव्वाली समिति की ओर से अध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव सहित अन्य अतिथियों का पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया।

## रामगढ़ में गूंजा नारी शक्ति वंदन, महिलाओं को 33% राजनीतिक आरक्षण पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी की रामगढ़ जिला इकाई ने सोमवार को जिला कार्यालय हाथीमारा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम की अहमियत को विस्तार से रखा। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, राजनीतिक भागीदारी और संगठन को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलको ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर लेकर आया है। इसके लागू होने से राजनीति में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जिससे वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। उन्होंने इसे महिलाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला कदम बताया। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने इस अधिनियम को महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को मजबूत करने वाला निर्णय बताया और इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। रोशनी खलको ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत की महिलाएं घर की सीमाओं से बाहर निकलकर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में बढ़ती जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना केंद्र सरकार की योजनाओं का परिणाम है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को देश के विकास की आधारशिला बताया।

## शहर विकास को नई रफ्तार : रामगढ़ छावनी परिषद की बैठक में अहम फैसलों पर लगी मुहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** छावनी परिषद रामगढ़ की मासिक बैठक सोमवार को परिषद सभागार में आयोजित हुई, जिसमें शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं और जनहित से जुड़े कुल 18 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी ने की, जबकि संचालन मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने किया। बैठक में रामगढ़ विधायक ममता देवी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। बैठक के दौरान फरवरी और मार्च माह के आय-व्यय को मंजूरी दी गई। फरवरी में वेतन एवं अन्य मदों पर लगभग छह करोड़ रुपये, जबकि मार्च में सात करोड़ रुपये के खर्च को स्वीकृति मिली। परिषद ने वित्तीय प्रबंधन को संतुलित और पारदर्शी बनाए रखने पर जोर दिया। परिषद के कर्मचारी उमेश प्रजापति और अनिल पासवान को तीन वर्ष का एमएसीपी लाभ देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पुराने भवनों और मकानों के कर निर्धारण के लिए पुनः एसेसमेंट कराने का अहम फैसला लिया गया, जिससे राजस्व में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। बैठक में छह म्यूटेशन मामलों को स्वीकृति दी गई। वहीं, नए बस स्टैंड क्षेत्र की चार दुकानों के नाम परिवर्तन प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिल गई, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को देखते हुए परिषद ने कुत्तों की नसबंदी कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस कार्य के लिए प्रति कुत्ता 1550 रुपये खर्च की स्वीकृति दी गई, जिससे शहरवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। जिन वार्डों और मोहल्लों में पाइपलाइन से जलापूर्ति नहीं हो रही है, वहां टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा चुनाव से पहले लागू होना चाहिए : पिंकी जैन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** सोमवार को शिव वाटिका में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक प्रेस वार्ता रखी गई जिसमें कई सामाजिक संगठन इनर व्हील क्लब, जैन समाज, माहुरी समाज, मोदी समाज, मारवाड़ी समाज की महिलाएं पदाधिकारी शामिल हुई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि महिला शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है महिलाएं लोकतंत्र की रीढ़ है जब महिलाओं को संसद के पटल पर पूर्ण अधिकार मिलेगा। तभी देश तरक्की करेगा समाज तरक्की करेगा मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सोच को नमन करती हूं। उनकी यह ऐतिहासिक पहल है जिन्होंने यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लाया लोकसभा 2029 के चुनाव में यह अधिनियम लागू होना चाहिए आज लोकसभा में 75 महिलाएं सांसद है। यदि 33 परसेंट आरक्षण लागू होता है तो महिलाओं की संख्या लोकसभा में 180 हो जाएगी इनर व्हील की अध्यक्ष ज्योति झा ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से देश ऊंचाइयों के शिखर को छूएगा महिलाओं की भागीदारी से देश की अर्थव्यवस्था भी आगे बढ़ेगी मोदी समाज की सचिव फूल कुमारी ने कहा कि इस अधिनियम के पास होने से इसका दूरगामी संदेश होगा महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका में सहयोग प्रदान करेगी। शिक्षा स्वास्थ्य का स्तर बढ़ेगा माहुरी समाज की अध्यक्ष रेनू बडग्वे ने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ सुकन्या समृद्धि योजना लागू करके मोदी जी ने महिलाओं के भविष्य को संवारा है। रोटरी सहेली केंद्र की अध्यक्ष माला दारूका ने मजबूती से इस अधिनियम को लागू करने की वकालत की कहा कि यह अधिनियम राष्ट्रीय हित में है इसे लागू होना चाहिए जैन समाज की मंत्री आशा गंगवाल और रीता सेठी ने कहा कि महिलाओं की जिस क्षेत्र में भी हिस्सेदारी होती है। वह काम सफल होता है पूर्ण होता है महिलाओं को जब भी मौका मिलता है वह शासन को मजबूत बनाती है उनकी भागीदारी से राष्ट्र समाज परिवार की प्रगति होगी। इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम को हम सभी का समर्थन है। इस मौके पर मारवाड़ी समाज की अध्यक्ष उषा शर्मा, सचिव सुधा पच्चीसिया, पूनम सिंघानिया, संतोष चौधरी, अंजू लड्ढा मोदी, समाज की अध्यक्ष लक्ष्मी बरनवाल, मुन्नी देवी, जैन समाज के अध्यक्ष नीलम सेठी, त्रिशला जैन, सरिता जैन, काला ममता जैन, सेठी आदि महिलाएं उपस्थित थी।

**संक्षिप्त खबरें**

## प्यार में धोखा खाने के बाद युवती ने युवक के घर पंहुच कर किया हंगामा



**मरकच्चो :** प्यार में धोखा खाने के बाद एक युवती ने थाना क्षेत्र के मरकच्चो मध्य पंचायत में एक युवक के घर पंहुच कर जमकर हंगामा किया। युवती का कहना था कि युवक ने शादी का प्रलोभन देकर उससे संबंध बनाये और अब वो शादी से मुकर रहा है। युवती खुद को 18साल की बता रहीं है। उसने बताया की वो डोमचांच प्रखंड के सपही की निवासी है। युवती ने बताया कि रील्स बनाने के दौरान उसकी पहचान लगभग एक वर्ष पूर्व मरकच्चो निवासी सिकंदर यादव से हुई। जिसके बाद वे लोग साथ में रील भी बनाने लगे। इस दौरान उन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी। युवक ने शादी की बात कह कर उसके साथ संबंध भी बनाये, लेकिन अब युवक शादी से मुकर रहा है तथा किसी और लड़की से बात करने लगा है। युवक ने पिछले कुछ दिनों से उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया है। युवती युवक के घर पंहुच जमकर हंगामा करने लगी, हालांकि युवक के घर में नहीं होने की बात बताई जा रही है। युवती द्वारा युवक के घर पंहुचने पर वहां ग्रामीणों की काफी भीड़ इकटा हो गयी। इस दौरान इसकी सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी। इसके बाद पुलिस मौके पर पंहुच युवती को थाना ले आयी।

## उत्क्रमित हाई स्कूल ढाब पिहरा में जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** होली फैमिली एक यूनिट सेवा सदन एनजीओ के तत्वावधान में कोडरमा जिला अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल ढाब पिहरा में एक दिवसीय जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी की रोकथाम, महिला एवं बच्चों के अधिकार तथा कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में अधिवक्ता के रूप में कुमार गौतम (कर्ण) ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मानव तस्करी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता, सतर्कता और कानूनी जानकारी के माध्यम से इस गंभीर अपराध पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। साथ ही उन्होंने महिला एवं बच्चों के अधिकार, सुरक्षा कानूनों तथा सहायता के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सिस्टर रिया सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार साझा करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उपस्थित लोगों को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि किस प्रकार मानव तस्कर लोगों को झांसे में लेकर उनका शोषण करते हैं और इससे कैसे बचा जा सकता है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस जागरूकता अभियान में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## रामगढ़ में जलजमाव खत्म करने की तैयारी सीवरेज व सड़क पर बड़ा एक्शन प्लान



**रामगढ़ :** शहर की पुरानी समस्याओं के समाधान को लेकर अब ठोस रणनीति तैयार होती नजर आ रही है। रामगढ़ विधायक ममता देवी ने पत्रकारों के साथ विशेष बातचीत में साफ किया कि जल निकासी, स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत ढांचे से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने के लिए प्रशासन के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में शहर को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में तेजी से काम होगा। विधायक ने बताया कि छावनी परिषद क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। वर्तमान नाली व्यवस्था काफी पुरानी हो चुकी है, जो अब बढ़ती आबादी और भारी बारिश के दबाव को झेलने में सक्षम नहीं है। इसके कारण गोला रोड, दुसाध मोहल्ला, सौदागर मोहल्ला और जरा बस्ती जैसे क्षेत्रों में हर साल जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे आम लोगों को आवागमन, स्वास्थ्य और दैनिक जीवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए 8 जनवरी 2026 को उपायुक्त से मुलाकात कर अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम लागू करने की पहल की गई थी। इसके बाद छावनी परिषद की दो महत्वपूर्ण बैठकों में इस मुद्दे पर गहन चर्चा हुई। अब डीपीआर तैयार करने के लिए एजेंसी को नियुक्त कर दिया गया है। विधायक ने बताया कि यह परियोजना शहर के लिए गेम चेंजर साबित होगी और भविष्य में जलजमाव की समस्या को काफी हद तक समाप्त कर देगी। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी बड़े सुधार की तैयारी है। रामगढ़ कैंट स्थित छावनी अस्पताल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसे अत्याधुनिक बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। खासतौर पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आधुनिक उपकरण, प्रशिक्षित स्टाफ और बेहतर व्यवस्थाओं के जरिए इस अस्पताल को क्षेत्र का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## दिव्यांग सशक्तिकरण की नई पहलः रामगढ़ में सक्षम की बैठक में सालभर की कार्य योजना तैयार




**बरकाकाना :** दिव्यांगजनों के उत्थान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से कार्यरत संस्था सक्षम की जिला स्तरीय योजना बैठक का आयोजन बरकाकाना स्थित सीसीएल कॉलोनी नया नगर घुटुवा के भारतीय मजदूर संघ सभागार में किया गया। बैठक में संगठन के आगामी एक वर्ष की गतिविधियों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सक्षम के राष्ट्रीय सह सचिव चंद्रभूषण पाठक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हेमंती देवी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव सुनील कुमार ने किया। इस दौरान संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चंद्रभूषण पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि सक्षम संस्था समाज के उन वर्गों के लिए कार्य कर रही है, जिन्हें विशेष सहयोग और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है। साथ ही उन्होंने आगामी दिनों में रामगढ़ जिले में सूरदास जयंती सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वर्ष भर में आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर केंद्रीय टीम को भेजी गई।

# जालियांवाला बाग दिवस पर सीपीआई की विचार गोष्ठी, साम्राज्यवाद का किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सीपीआई बोकारो द्वारा जालियां वाला बाग कांड दिवस को साम्राज्यवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर सेक्टर 9 में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्य कमिटी सदस्य राज कुमार गोराई ने कहा कि आज ही के दिन ब्रीटीश हूकमत ने पंजाब प्रांत के जालियां वाला बाग में चल रहे सभा पर बिना कारण बताए जनरल डायर ने रोलेट एक्ट का विरोध का आरोप लगाकर सैकड़ों निर्दोष की निर्मम हत्या कर दी थी। आज साम्राज्यवाद का दूसरा चेहरा पूरा विश्व अमेरिकी व इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले के रूप में देख रहे हैं। जिस हमले में ईरान के सुप्रीमो नेता खामनेई और उसके परिवार ने शहादत दी है । जहां से बच्चों और आम नागरिकों के मारे जाने की खबर आ रही है। ये हमले ईरान की राष्ट्रीय संप्रभुता, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सभी अंतरराष्ट्रीय संधियों का खुला उल्लंघन करते हुए किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका और इजराइल ने ये हमले ईरान के साथ जारी वाताओं की अनदेखी करते हुए किए हैं। इन हमलों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से यह पूरी तरह स्पष्ट है कि वे इन वाताओं में कभी विश्वास नहीं रखते थे। अमेरिका एक आक्रामक दबंग शक्ति की तरह व्यवहार कर रहा है, जो अपनी इच्छा से संप्रभु देशों पर हमला कर रहा है। ईरान पर हमला, वेनेजुएला पर उसके हालिया हमले और क्यूबा को दी गई धमकियों के बाद किया गया है। विचार गोष्ठी में आर एन सिंह, इश्तियाक अंसारी, ज्योति लाल टूडू ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता सत्यनारायण महतो ने किया। कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## एक नजर

### दलमा तराई क्षेत्र में सब्जी की खेतों में दौड़ रहे हाथियों का झुंड



**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के दलमा की तराई क्षेत्र में स्थित सब्जी के खेतो में हाथियों का एक झुंड बच्चे के साथ भ्रमण कर रहा है। हाथियों के द्वारा किसानों के द्वारा कड़ी मेहनत से लगाया गया सब्जी के फसलों को रौंद दिया गया हैं। जानकारी देते हुए वन विभाग के कर्मी और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड दलमा के रास्ते हाथियों का झुंड पटमदा के सीमावर्ती क्षेत्र बाटालुका के रास्ते लायलम के तरफ भी जाने की जानकारी मिल रही हैं। यदि बड़ी संख्या में हाथियों का झुंड किसानों के खेतो में विचरण करता है तो किसानों को अच्छा नुकसान हो सकता हैं। वन विभाग ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के झुंड को ग्रामीण क्षेत्र से वन क्षेत्र की तरफ ले जाने की कोशिश में लगा है।

### तालाब के पानी निकास क्षेत्र में पुनः निर्माण शुरू, रोकने की गुहार

**पलामू :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में सैंडर्स बांध तालाब नावाटोली के पानी निकास द्वार पर पक्का निर्माण पुनः शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि विभागीय मंत्री और उपायुक्त ने कार्य को रोक दिया था, लेकिन काम पुनः शुरू किया गया है। इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए डालटनगंज थाना मत्स्यजीवि सहयोग समिति के सचिव परेश चौधरी, युवा झामुमो नेता मुकेश चौधरी एवं सदस्यों ने उपविकास आयुक्त सह और नगर आयुक्त को सोमवार को आवेदन देकर तत्काल कार्य पर रोक लगाने की गुहार लगायी है। ऐसा नहीं होने पर समिति के सदस्य और अन्य लोगों के साथ उग्र आन्दोलन करने की चेतावनी दी है। समिति के सचिव के अनुसार सैंडर्स बांध तालाब खासमहाल के अधीन है। तालाब का रखरखाव और मछली पालन जिला मत्स्य पदाधिकारी की देखरेख में होता है, लेकिन नगर निगम पानी के निकास स्थान पर पक्का निर्माण करा रहा है, जिससे पानी की निकासी नहीं होगी। सचिव ने कहा है कि निर्माण कार्य को तत्काल रोक लगाने की जरूरत है, ताकि गरीब मछुआरों को होने वाले नुकसान और तालाब के आवास का जलस्तर बना रह सके।

### मोबाइल दुकानों की चोरी का 24 घंटे में खुलासा तीन नाबालिग निरूद्ध

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के बड़ाजामदा बाजार में दो मोबाइल दुकानों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उद्भेदन कर दिया। सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए बड़ाजामदा थाना प्रभारी बालेश्वर उरांव ने बताया कि 11 अप्रैल को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनके आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान की गई। जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चोरी में शामिल कुछ युवक बोकना गांव के पास जंगल में छिपे हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी अभियान चलाया और मौके से तीन नाबालिगों को निरुद्ध कर लिया। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए छह मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बाकी मोबाइलों की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी है और मामले में अन्य संभावित आरोपितों की तलाश भी की जा रही है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि चोरी की इस घटना में किसी संगठित गिरोह की संलिप्तता हो सकती है, जिसकी जांच जारी है।

# डुमरी विधायक जयराम महतो लोगों का मोबाइल छीन पटके

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** डुमरी विधायक जयराम महतो चास पहुंचे थे, उसी समय पुष्पा महतो मामले में खछड्ट नेत्री रेखा देवी पर पैसा लेने का आरोप सुन कर भड़के जयराम महतो, मांगा प्रमाण वही जो लोग इस वाक्या को मोबाइल से रिकॉर्ड कर रहे थे, इस पर भड़क गए और एक व्यक्ति का मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया। वही उनके कार्यकर्ता लोग भी लोगो को विडियो बनाने से रोक रहे थे। जयराम महतो जनप्रतिनिधि होने के बावजूद जिस प्रकार से एक महिला से अभद्रता पूर्वक व्यवहार कर रहे थे उसे कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। चास में स्थानीय महिलाओं एवं लोगों के द्वारा पुष्पा हत्याकांड में कैंडल मार्च निकाला गया था इस दौरान डुमरी विधायक जयराम महतो भी वहां पहुंच गए। जयराम महतो को देखते ही वहां एक महिला ने उनसे सवाल कर दिया कि आपके दल JLKM की महिला ने पुष्पा की मां से पुलिस को देने एवं अन्य खर्च के नाम पर 10000 ठग कर ले लिया। इतना सुनते ही डुमरी विधायक जयराम महतो अपना आपा खो दिए और एक युवक जो वहां रिकॉर्ड कर रहा था उसके हाथ से मोबाइल छीनकर वहीं पटक दिए। इसके बाद वहां पर उनके समर्थकों ने भी लोगों से वीडियो रिकॉर्ड नहीं करने का दवाब बनाने लगे।

# कोल्हान विश्वविद्यालय में 16 प्रोफेसर व प्राचार्यों का तबादला, छात्र मोर्चा ने किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चाईबासा :** कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कुलपति के नेतृत्व में हाल ही में 16 प्रोफेसरों एवं प्राचार्यों के ट्रांसफर व पोस्टिंग आदेश जारी किए जाने पर झारखंड छात्र मोर्चा ने स्वागत जताया है। संगठन के कोल्हान सचिव पप्पू यादव ने इसे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब पांच वर्षों से स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह ठप थी, जिसके कारण कई महाविद्यालयों में प्राचार्यों की मनमानी, प्रशासनिक शिथिलता और जवाबदेही की कमी बढ़ गई थी। इसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई, सत्र संचालन और शैक्षणिक माहौल पर पड़ा, जिससे विश्वविद्यालय की व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। पप्पू यादव ने कहा कि कुलपति द्वारा लिया गया यह निर्णय व्यवस्था में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे यह स्पष्ट संकेत गया है कि अब विश्वविद्यालय में मनमानी, भ्रष्टाचार और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह ट्रांसफर-पोस्टिंग प्रक्रिया पारदर्शिता, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगी। साथ ही, यह उन लोगों के लिए चेतावनी है, जो लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था को अपने स्वार्थ के लिए प्रभावित कर रहे थे। झारखंड छात्र मोर्चा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में भी नियमित समीक्षा करते हुए छात्रहित में ऐसे निर्णय लिए जाएं, ताकि कोल्हान विश्वविद्यालय को एक आदर्श शैक्षणिक संस्थान बनाया जा सके।

# स्टील प्लांट में हादसा : क्रेन से गिरकर ठेका मजदूर की मौत, मुआवजा व नौकरी की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्टील प्लान्ट में सोमवार को एक दर्दनाक औद्योगिक हादसे में ठेका मजदूर की मौत हो गई। घटना प्लांट के क्वत्र्रविभाग में उस समय हुई जब मजदूर क्रेन के सहारे ऊंचाई पर कार्य कर रहा था। संतुलन बिगड़ने से वह अचानक नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गणेश महतो (38) के रूप में हुई है, जो पुरलिया जिले के जयपुर के रहने वाले थे और नीरज एंटरप्राइजेज के तहत कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार वे क्रेन ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहे थे। हादसे के बाद उन्हें तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्लांट परिसर में कार्यरत मजदूरों और यूनियन नेताओं में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में मजदूर अस्पताल और प्लांट परिसर में जमा हो गए तथा प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मजदूरों ने मृतक के आश्रित को स्थायी नौकरी, उचित मुआवजा और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। यूनियन के जनरल सेक्रेटरी नीतेश कुमार करण ने आरोप लगाया कि प्लांट में सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी हो रही है, जिसके कारण इस तरह के हादसे बार-बार हो रहे हैं। प्रबंधन की ओर से मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये का बीमा, आश्रित को नौकरी तथा अंतिम संस्कार के लिए 35 हजार रुपये देने का आश्वासन दिया गया है। इसके अलावा 51 हजार रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। फिलहाल मजदूरों का विरोध प्रदर्शन जारी है और प्रबंधन व यूनियन के बीच वार्ता की कोशिशें चल रही हैं।

# थाना प्रभारी का कथित 'गाली वाला' ऑडियो वायरल, एसपी ने दिए जांच के आदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिले में पुलिस की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर चास थाना प्रभारी सुषमा कुमारी का बताया जाने वाला एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में थाना प्रभारी की भाषा और लहजे को लेकर आम जनता के बीच काफी नाराजगी देखी जा रही है। क्या है वायरल ऑडियो में वायरल हो रहे ऑडियो में कथित तौर पर थाना प्रभारी एक युवक को फोन कर थाने बुला रही हैं। जब युवक विनम्रतापूर्वक यह पूछता है कि उसने क्या किया है या उसे किस मामले में बुलाया जा रहा है, तो जवाब में मैडम का संयम टूट जाता है। ऑडियो में सुना जा सकता है कि संतोषजनक जवाब देने के बजाय थाना प्रभारी युवक को भद्दी गालियां दे रही हैं। नोटः हालांकि, वायरल हो रहे इस ऑडियो की सत्यता की पुष्टि हमारा संस्थान नहीं करता है। यह जांच का विषय है कि आवाज वाकई थाना प्रभारी की है या नहीं। पुलिस अधीक्षक ने लिया संज्ञान मामला गरमाते देख बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने इस पर त्वरित प्रतिक्रिया दी है। जब उनसे इस वायरल ऑडियो के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी का बयानः उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच अधिकारीः संबंधित क्षेत्र के डीएसपी को इस पूरे प्रकरण की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नाबालिग से यौन शोषण के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार, 12 घंटे में पुलिस ने दबोचा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ यौन शोषण के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शनिवार को एक महिला अपनी नाबालिग पुत्री के साथ थाना पहुंची और शिकायत दर्ज कराई कि दो व्यक्तियों ने उसकी पुत्री के साथ यौन शोषण का प्रयास किया है। पीड़िता के आवेदन के आधार पर बालीडीह थाना कांड संख्या 65/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2)/62 तथा पोक्सो एक्ट की धारा 8/12 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल गठित किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों–कृष्णा कपरदार (32 वर्ष), निवासी चैनपुर, तथा अमित कुमार मंडल, निवासी गुड़गुड़ी–को शनिवार रात ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल (JH05AW-2310), एक सैमसंग स्मार्टफोन और एक ओप्पो स्मार्टफोन जब्त किया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएमश्री केजीबी विद्यालय में लगाया जागरूकता शिविर



**पटमदा :** डालसा सचिव कुमार सौरभ त्रिपाठी के निर्देश पर पी एम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटमदा में छात्राओं के बीच बाल विवाह,बाल अधिकार एवं पॉक्सो से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम 2012 के विषय पर चित्रांकन, प्रश्न उत्तरी एवं निबंध लिखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पी एल भी नंदा रजक द्वारा बाल विवाह,बाल अधिकार एवं पॉक्सो से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम 12 के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। लीगल लिट्रेसी क्लब के बच्चीयों को कानूनी जानकारी भी दिया गया। इस प्रतियोगिता सह जागरुकता कार्यक्रम में बालिकाओं ने भाग लेकर अपने प्रदर्शन को प्रदर्शित किया।

### लातेहार में दो अफीम तस्कर गिरफ्तार



**लातेहार :** जिले के बारियातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापामारी कर अफीम तस्करी के दो आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि बालुभांग पंचायत के इंदुआ और हेरनहोपा गांव के अफीम खेती मामले के आरोपित अपने घर पर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इंदुआ निवासी बिनेश्वर यादव और हेरनहोपा निवासी कनन गंझू उर्फ कुंदन गंझू को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ पहले से मामले दर्ज हैं और उनका आपराधिक इतिहास भी रहा है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान, एसआई अनूप कुमार, एएसआई छोटू पंडा, जितेंद्र कुमार, मिथलेश कुमार सिंह, महिला आरक्षी संगीता कुमारी सहित कई पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पलामू में कारा सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**पलामू :** पलामू उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, मुलाकाती व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थिति सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कारा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रखी जाए और किसी भी स्थिति में जेल के भीतर प्रतिबंधित वस्तुओं का प्रवेश न होने पाए।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



**नाम–चम्पु उरॉव, उम्र–21 वर्ष, उँचाई–5 फीट, रंग–सॉवला, पहनावा–टी शर्ट एवं पलाजो पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला चम्पु उरॉव, पे0–बहुरा उरॉव, सा0–चलियो खक्सी टोली, थाना–चान्हो, जिला–राँची जो दिनांक–28.03.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चान्हो थाना सनहा संख्या–13/2026, दिनांक–04.04.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, रॉची। –9431706188

थाना प्रभारी, चान्हो, रॉची। –9431706189

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 377445 Police(26-27).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

प्रपत्र संख्या–1

अति अल्पकालीन ई- निविदा

निविदा संख्या :- 02 /JMT/2026-27 दिनांक 13.04.2026

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विवरणी: ग्रुप संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | विस्तृत विवरणी: अग्रिम जमानत की राशि | विस्तृत विवरणी: परिमाण विपत्र का मूल्य | विस्तृत विवरणी: कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of Defunct Tube Well of 125 mm x 115 mm dia x 70 Mtr Deep (Av) Drilled Tube Well complete with Installation of India Mark II H.P (IS 15500 Part-2/2004) etc all complete job in different blocks under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for 2025-26 On "Turn Key Basis" | JMT/SR/ 01/26 Nos | 23,53,052/- | 48000/- | 5000/- | 60 Days |
| 2 | Relocation of Defunct Tube Well of 125 mm x 115 mm dia x 90 Mtr Deep (Av) Drilled Tube Well complete with Installation of India Mark II H.P (IS 15500 Part-2/2004) etc all complete job in different blocks under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for 2025-26 On "Turn Key Basis" | JMT/SR/ 01/40 Nos | 41,07,600/- | 83,000/- | 5000/- | 60 Days |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 17.04.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 24.04.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 24.04.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 25.04.2026 समय 5.00 बजे अपराहन् | | | |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :– | | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | | 0651-2480345 | | | |

- स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा प्रकाशित की जा रही है।
- विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा) कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 377386 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D

# डॉ. आम्बेडकर के विचारों को समझने की जरूरत

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर को आधुनिक भारत का निमार्ता और सामाजिक सुधारों का अग्रदूत कहा था। डॉ. आम्बेडकर ने कानून मंत्री के पद से महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए संसद में हिन्दू कोड बिल पेश किया । इसमें संपत्ति और तलाक के अधिकार भी शामिल थे। वे कहा करते थे- महिलाओं की सामाजिक स्थिति देखकर उस समाज की प्रगति का अनुमान लगाया जाना चाहिए। शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है। डॉ. आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रेल, 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। उनका मुख्य विचार शिक्षत बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। बना था। ये शब्द सामाजिक सशक्तीकरण और सामूहिक प्रगति के प्रति उनके दृष्टिकोण को दशार्ते हैं। वे महात्मा ज्योतिबा फुले को अपना गुरू मानते थे, क्योंकि उनके विचारों और सामाजिक आन्दोलनों से बहुत प्रेरित हुए। संत कबीर और महात्मा बुद्ध को भी अपना दार्शनिक गुरू मानते थे। उन्होने बुद्ध के समानता और भाईचारे के सिद्धांत को जीवनभर अपनाया। कबीर के आडम्बर मुक्त और सामंतवादी विचारों का भी प्रभाव रहा। डॉ. आम्बेडकर अपने अधिकतर भाषणों में महिलाओं, मजदूरों और समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा लेने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने श्रमिकों के लिए काम के घंटे, न्यूनतम वेतन और अन्य अधिकार सुनिश्चित कराने में भूमिका निभाई। उनकी परिकल्पना से ही भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई। वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, महिला उदारक, मजदूरों के हितैषी और दलितों के मसीहा थे। उन्होंने समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के लिए जीवन भर संघर्ष किया, जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और भारतीय संविधान के माध्यम से शोषितों, महिलाओं व श्रमिकों को मौलिक अधिकार दिलाकर राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया। वे संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे। उन्होंने सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करने वाला संविधान तैयार किया। उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ लम्बी जंग लड़ी, दलितों के सम्मान और अधिकारों के लिए मूकनायक, बहिष्कृत भारत जैसी पत्रिकाएं प्रारंभ करके उनमें जनचेतना संचार किया। उन्होंने भारत में मजदूर वर्ग के अधिकारों, समानता और सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक योगदान दिया, जिसमें काम के घंटे 14 से घटाकर 8 करना, महिलाओं के लिए प्रसूति अवकाश, न्यूनतम वेतन, और कर्मचारी राज्य बीमा की शुरूआत शामिल हैं। उन्होंने ट्रेड यूनियनों को मान्यता दिलाई और भारतीय संविधान के माध्यम से शोषण के खिलाफ कानूनी अधिकार सुनिश्चित करवाए। उन्होंने मजदूरों के संगठित होने और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार को कानूनी मान्यता दिलाने का काम किया। संविधान में अनुच्छेद 23, 24, 39 और 43 के तहत बंधुआ मजदूरी, बाल श्रम, और समान काम के लिए समान वेतन जैसे प्रावधानों को शामिल किया। उन्होंने 1942 में 7वें भारतीय श्रम सम्मेलन में कारखानों में काम के घंटे 14 से घटाकर 8 घंटे करने का नियम लागू किया। उसी दौरान न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का मसौदा तैयार किया, हालांकि इसे 1948 में कानून के रूप में लागू किया गया। वे 1944 में वेतन भुगतान (संशोधन) विधेयक पेश किया। इसमें महंगाई भत्ता (डीए), छुट्टी लाभ, वेतनमान में संशोधन, ओवरटाइम के लिए अतिरिक्त भुगतान, रियायती भोजन आदि प्रावधान शामिल थे। डॉ .आम्बेडकर भारतीय महिलाओं को समानता, शिक्षा और संपत्ति के अधिकार दिलाने के लिए हिंदू कोड बिल के माध्यम से ऐतिहासिक संघर्ष किया। संविधान निमार्ता के रूप में उन्होंने महिलाओं के लिए समान अधिकार, तलाक, गोद लेने और विरासत के अधिकार सुनिश्चित किए। भारतीय संविधान के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को मतदान का अधिकार, समान काम के लिए समान वेतन, और शिक्षा व रोजगार में समानता सुनिश्चित की।

## सूडोकु नवताल- 7764

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7763 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# बंगाल चुनाव से पहले बीजेपी का 33 फीसदी महिला आरक्षण दांव

**अजय कुमार**

भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय लिखा जाने वाला है। केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने जा रही है। इसके लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से करीब एक सप्ताह पूर्व 16 से 18 तक तीन दिनों का विशेष लोकसभा सत्र बुलाया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी विशेष संसद सत्र को लेकर अपने सभी सांसदों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी करते हुए 16 से 18 अप्रैल तक सदन में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। पार्टी की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस अवधि के दौरान किसी भी सांसद या केंद्रीय मंत्री को छुट्टी नहीं दी जाएगी। सभी सदस्यों को लगातार सदन में उपस्थित रहने और संसद की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, यह विशेष संसद सत्र महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। सरकार का लक्ष्य इस ऐतिहासिक विधेयक पर व्यापक बहस और आगे की प्रक्रिया को तेज करना है, जिस पर सियासत भी तेज हो गई है। नई आरक्षण व्यवस्था के साथ लोकसभा में सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी। यह कदम महज एक कानूनी संशोधन नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी राजनीतिक रणनीति है, जिसमें एक साथ सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और चुनावी लाभ तीनों का समागम है। लोकसभा सत्र बुलाए जाते ही विपक्ष ने सियासत शुरू कर दी है। अभी से महिला आरक्षण में दलितों-पिछड़ों के लिये भी अलग कोटा की मांग उठने लगी है।

उधर, बात बीजेपी सरकार की की जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही महिलाओं को अपनी सरकार के केंद्र में रखा है। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण इसी कड़ी की नई इकाई है। महिलाओं के हित में मोदी सरकार द्वारा उठाये गये अन्य कदमों की बात की जाये तो उज्ज्वला योजना के तहत अब तक 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए, जिससे धुएं से मुक्त रसोई और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई। इसके साथ ही 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, जिससे महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को मजबूती मिली और 100 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हुई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ (2015), सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा ऋण, जन धन खाते और पीएम आवास योजना में महिलाओं के नाम पर संपत्ति ये सब मिलकर एक ऐसा ताना-बाना बुनते हैं, जिसमें देश की आधी आबादी को सीधे तौर पर सरकारी लाभ की अनुभूति होती है। इन योजनाओं का सीधा असर मतपेटी पर भी पड़ा। जो महिलाएं पहले घर से बाहर निकलकर वोट देने में हिचकिचाती थीं, वे आज एक सक्रिय मतदाता वर्ग बन चुकी हैं। 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी ऐतिहासिक रही। विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं ने खुलकर मोदी के पक्ष में वोटिंग की, जो किसी भी राजनीतिक विश्लेषक की नजर से नहीं छूटी।

अब मोदी सरकार इस संबंध को और गहरा करने की दिशा में अपना सबसे बड़ा दांव खेलने जा रही है। सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण लागू करने के लिए संशोधन बिल लाने की तैयारी में है, जो लम्बे समय से प्रस्तावित था। बजट सत्र में पेश होने वाले इस विधेयक पर विपक्षी दलों से बातचीत तेज हो गई है। असल में यह मामला इतना सीधा नहीं है। महिला आरक्षण बिल सितंबर 2023 में संसद के विशेष सत्र में पास हुआ था। इस कानून के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटें दी जाएंगी। लेकिन इसे लागू करने के लिए पहले नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन जरूरी था। यानी 2023 में पास होने के बावजूद यह कानून कागज पर ही रहा। अब सरकार उस शर्त को बदलने की तैयारी में है। सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ ही संविधान संशोधन लाने की भी तैयारी कर रही है। यह संविधान संशोधन इसलिए लाया जाएगा, जिससे साल 2011 की जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटें बढ़ाई जा सकें और 2029 के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू किया जा सके। साल 2011 की जनगणना के आधार पर 2029 के लोकसभा चुनाव में सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती है और इसमें महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित की जा सकती हैं।

बहरहाल, बात सिर्फ आरक्षण की नहीं है, बल्कि लोकसभा की संरचना को ही बदल देने की है। 543 से 816 सीटें यह संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। इन बिलों को पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी, इसलिए सरकार एनडीए के साथ-साथ विपक्षी दलों जैसे सपा, आरजेडी और वाईएसआर कांग्रेस से भी समर्थन मांग रही है। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण बिल में संशोधन को लेकर शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) जैसे विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बातचीत की है। शुरूआत में गृहमंत्री ने छोटे विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बातचीत की है और कांग्रेस जैसी प्रमुख विपक्षी पार्टी और अन्य बड़े दलों के साथ बातचीत अभी बाकी है। कांग्रेस के लिए यह बिल एक नैतिक दुविधा की स्थिति है। एक तरफ वह महिला आरक्षण की समर्थक रही है और राहुल गांधी ने खुद इसे जल्द लागू करने की मांग की थी। दूसरी तरफ इस बिल का खुलकर समर्थन करना मोदी को एक ऐतिहासिक राजनीतिक उपलब्धि का श्रेय देना होगा। हालांकि संकेतों से साफ है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को महिला आरक्षण लागू करने की पहल का समर्थन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन असली बेचैनी उन दलों में है जो जातिगत समीकरणों पर टिके हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। यह बयान देखने में संतुलित लगता है, लेकिन इसके पीछे की राजनीति बहुत गहरी है। समाजवादी पार्टी, राजद तथा द्रमुक जैसे दलों की ओर से महिलाओं के लिए आरक्षण कोटे में ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग के लिए अलग से कोटे की मांग उठाई जा सकती है। विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी कोटा शामिल करने की मांग उठाई है, जिससे सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। यह मांग तकनीकी रूप से जटिल है, क्योंकि ओबीसी के लिए संसद में आरक्षण का अभी कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। अखिलेश यादव और लालू प्रसाद यादव जैसे नेताओं की असली चिंता कहीं और है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में उनकी राजनीति का आधार पिछड़े और अति-पिछड़े वर्गों का वोट बैंक है। यदि महिला आरक्षण 2029 से लागू हो जाता है और लोकसभा की 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाती हैं, तो रोटेशन प्रणाली के तहत इन दलों के कई वर्तमान सांसदों की सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं। सीधे शब्दों में कहें तो उनके परिवारों और गुटों के कई दबंग नेताओं के लिए 2029 में चुनाव लड़ना असंभव हो जाएगा। ओबीसी आरक्षण की मांग दरअसल बिल को उलझाए रखने की एक रणनीति भी हो सकती है। प्रस्ताव के मुताबिक जो 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, उनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को उनके कोटे के अंदर ही आरक्षण मिलेगा। फिलहाल ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का जिक्र इस प्रस्ताव में नहीं है। यह वही बिंदु है, जहां टकराव होना तय है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत अभी भी काफी पीछे है। नेपाल की संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं, बांग्लादेश की संसद में 50 सीटें और पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में महिलाओं के लिए 60 सीटें आरक्षित हैं।

वर्तमान में भारत की लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या मात्र 74 है, यानी करीब 13.6 प्रतिशत। इस लिहाज से 33 प्रतिशत का लक्ष्य एक बड़ी छलांग होगी। मोदी सरकार का यह दांव कई मायनों में अभूतपूर्व है। एक तरफ यह महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में ऐतिहासिक बदलाव लाएगा, दूसरी तरफ विपक्ष को एक ऐसी स्थिति में खड़ा कर देता है, जहां वह न तो खुलकर समर्थन कर सकता है और न ही पूरी तरह विरोध। महिला मतदाताओं को नाराज करने का जोखिम कोई भी दल उठाने को तैयार नहीं है। यही मोदी सरकार की रणनीतिक सफलता है उसने विपक्ष को एक ऐसे जाल में फंसा दिया है, जहां से निकलने का कोई आसान रास्ता नहीं है।

# आंबेडकर का नाम सबके पास, लेकिन उनके विचार किसके पास?

**विजय शंकर नायक**

हर साल हम बाबा साहब की जयंती मनाते हैं। मंच सजते हैं, भाषण होते हैं, मालाएं चढ़ती हैं और सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलियों की बाढ़ आ जाती है। लेकिन एक कड़वा सवाल हर बार खड़ा होता है–क्या हमने सच में बाबा साहब को समझा है, या सिर्फ उन्हें एक प्रतीक बनाकर उनके विचारों को दबा दिया है? भीमराव रामजी आंबेडकर को हमने संविधान निमार्ता कहकर सीमित कर दिया, जबकि उनका व्यक्तित्व इससे कहीं ज्यादा व्यापक और क्रांतिकारी था। सच तो यह है कि आज का भारत आंबेडकर को पढ़ने से ज्यादा उन्हें उपयोग करने में लगा है। भारत के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जो केवल व्यक्ति नहीं बल्कि विचारधारा, संघर्ष और परिवर्तन के प्रतीक बन जाते हैं। भीमराव रामजी आंबेडकर ऐसा ही एक विराट व्यक्तित्व हैं, जिन्हें हम प्यार से बाबा साहब कहते हैं। अक्सर उन्हें संविधान निमार्ता, दलितों के मसीहा या सामाजिक न्याय के योद्धा के रूप में सीमित कर दिया जाता है, लेकिन सच यह है कि आंबेडकर का व्यक्तित्व इससे कहीं अधिक व्यापक, गहरा और क्रांतिकारी था। उनके जीवन के कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर आज भी पर्याप्त चर्चा नहीं हुई है–और शायद जानबूझकर नहीं की गई।

### केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि एक वैश्विक अर्थशास्त्री

बहुत कम लोग जानते हैं कि बाबा साहब एक उच्च कोटि के अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने Columbia University और London School of Economics से अर्थशास्त्र में गहन अध्ययन किया। उनकी प्रसिद्ध थीसिस “The Problem of the Rupee” आज भी भारतीय मुद्रा नीति के लिए प्रासंगिक मानी जाती है। उनके आर्थिक विचार इतने आधुनिक थे कि उन्होंने भारत में रिजर्व बैंक जैसी संस्था की कल्पना पहले ही कर ली थी। यह एक ऐसा पहलू है, जिसे आज भी शिक्षा और राजनीति में पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता।

जल, ऊर्जा और औद्योगिकीकरण के असली योजनाकार

अक्सर यह बताया जाता है कि आंबेडकर सामाजिक न्याय के लिए लड़े, लेकिन यह कम बताया जाता है कि उन्होंने भारत के औद्योगिक और जल संसाधन विकास की भी नींव रखी। उन्होंने दामोदर घाटी परियोजना, हिराकुंड बांध जैसी योजनाओं की परिकल्पना की थी। वास्तव में, भारत के आधुनिक बुनियादी ढांचे की सोच में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है–लेकिन यह पहलू इतिहास की किताबों में लगभग गायब है।

### महिलाओं के अधिकारों के पहले सच्चे पैरोकार

आज जब महिला सशक्तिकरण की बात होती है, तो कई नेता और संगठन इसका श्रेय लेने की कोशिश करते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि बाबा साहब ने 1950 के दशक में ही महिलाओं के लिए समान अधिकारों की नींव रख दी थी। उनका प्रस्तावित ॖहिंदू कोड बिलॗ महिलाओं को संपत्ति, विवाह और तलाक में बराबरी देने वाला था। लेकिन इस बिल का विरोध इतना तीव्र हुआ कि उन्हें कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। यह घटना बताती है कि आंबेडकर केवल दलितों के नहीं, बल्कि हर शोषित वर्ग के लिए लड़ रहे थे।

धर्म परिवर्तनः केवल आस्था नहीं, एक सामाजिक क्रांति

1956 में जब उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया, तो यह केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक सामाजिक क्रांति थी। उन्होंने लाखों लोगों को एक ऐसी पहचान दी, जो सम्मान और समानता पर आधारित थी। लेकिन एक अनछुआ पहलू यह है कि उन्होंने बौद्ध धर्म को भी नए रूप में प्रस्तुत किया–जिसे ॖनवयान बौद्ध धर्मॗ कहा जाता है। यह परंपरागत बौद्ध धर्म से अलग था और सामाजिक न्याय पर अधिक केंद्रित था।

### मीडिया और प्रचार से दूर रखा गया व्यक्तित्व

एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि आंबेडकर के कई विचारों को जानबूझकर मुख्यधारा से दूर रखा गया। उनके कई लेख और भाषण आज भी आम जनता तक नहीं पहुंचे हैं। उदाहरण के लिए, उनकी किताब “Annihilation of Caste” एक ऐसी क्रांतिकारी रचना है, जो आज भी सामाजिक ढांचे को चुनौती देती है। लेकिन इसे अक्सर पाठ्यक्रमों में सीमित कर दिया गया है या नजरअंदाज किया गया है।

### गांधी-आंबेडकर मतभेदः सच्चाई जो छिपाई गई

महात्मा गांधी और आंबेडकर के बीच मतभेदों को अक्सर सतही तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन यह मतभेद केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि वैचारिक थे। आंबेडकर का मानना था कि केवल सुधार से नहीं, बल्कि संरचना को बदलने से ही समाज में समानता आएगी। वहीं गांधी जी छुआछूत के खिलाफ थे, लेकिन जाति व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त करने के पक्ष में नहीं थे। यह गहरी वैचारिक बहस आज भी प्रासंगिक है, लेकिन इसे अक्सर इतिहास में दबा दिया गया है।

### शिक्षाः सबसे बड़ा हथियार

बाबा साहब का सबसे प्रसिद्ध नारा–शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो –आज भी उतना ही प्रासंगिक है। लेकिन उन्होंने केवल नारा नहीं दिया, बल्कि खुद इसके उदाहरण बने। उन्होंने अपने जीवन में अत्यधिक कठिन परिस्थितियों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त की और यह साबित किया कि ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है।

### राष्ट्रवाद की नई परिभाषा

आंबेडकर का राष्ट्रवाद अंधभक्ति पर आधारित नहीं था। वे मानते थे कि एक सच्चा राष्ट्र वही है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और सम्मान मिले। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक और आर्थिक असमानता बनी रही, तो राजनीतिक लोकतंत्र भी खतरे में पड़ जाएगा। आज के समय में यह चेतावनी और भी अधिक प्रासंगिक लगती है।

### राजनीतिक संघर्ष और अलग पहचान

आंबेडकर ने कभी भी भीड़ का हिस्सा बनने की राजनीति नहीं की। उन्होंने अपनी अलग राजनीतिक पहचान बनाई और दलितों के लिए स्वतंत्र राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग की। उनकी यह सोच आज भी भारतीय राजनीति में पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है।

### आज के दौर में आंबेडकर का अधूरा सपना

आज हर राजनीतिक दल आंबेडकर का नाम लेता है, उनकी मूर्तियां लगाता है, लेकिन उनके विचारों को लागू करने में अक्सर पीछे रह जाता है। उनका सपना केवल सामाजिक समानता नहीं, बल्कि आर्थिक और राजनीतिक समानता भी था। लेकिन आज भी समाज में असमानता, भेदभाव और अन्याय मौजूद है।

### आज का सबसे बड़ा पाखंड

आज हर कोई कहता है–हम आंबेडकर के रास्ते पर चल रहे हैं। लेकिन अगर सच में ऐसा होता, तो देश में इतनी असमानता, अन्याय और भेदभाव क्यों होता? मूर्ति पर फूल चढ़ाना आसान है, लेकिन उनके विचारों को अपनाना मुश्किल।

### एक अधूरी क्रांति

बाबा साहब आंबेडकर का जीवन एक अधूरी क्रांति की कहानी है। उन्होंने जो बीज बोए, वे आज भी फल दे रहे हैं, लेकिन उनका पूरा सपना अभी भी अधूरा है। जरूरत इस बात की है कि हम उन्हें केवल एक प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि एक विचारधारा के रूप में समझें। उनके अनछुए पहलुओं को सामने लाएं और उन्हें अपने जीवन में लागू करें। क्योंकि आंबेडकर केवल इतिहास नहीं हैं–वे वर्तमान और भविष्य दोनों हैं।

**लेखक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं।**

# सूरों की आशा बनकर गूंजती रहेगी आशा भोसले

**ललित गर्ग**

भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। “अभी न जाओ छोड़ कर” जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे।


8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गईं, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है।

आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। “पिया तू अब तो आजा”, “दम मारो दम”, “चुरा लिया है तुमने”, “दिल चीज क्या है” जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है।

आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

## दैनिक पंचांग

**14 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 05.45 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृष | 07.25 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.23 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.36 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 13.53 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.15 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 20.30 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 22.46 बजे से |
| | | मकर | 00.51 बजे से |
| | | कुंभ | 02.37 बजे से |
| | | मीन | 04.10 बजे से |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 104 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 00.13 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 16.06 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 15.39 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 12.47 बजे तदनन्तर तैतिल 00.13 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 20' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872679 **जूलियन दिन** 2461144.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सव्वाल **तारीख** 25 **विशेष** सोलर नववर्ष, पुथन्डु, बैसाखी, अम्बेडकर जयंती, भुंजिया एवं अग्नि निरोधक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### एक साल से खराब जल मीनार, पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

**साहिबगंज:** बोरियो प्रखंड के बोरियो बाजार हाटपाड़ा में 15वे वित्त आयोग से निर्मित जल मीनार बीते एक वर्षों से खराब पड़ा हुआ है, जिस कारण आस पास के कई मोहल्ले के लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है, वही दूसरी और बोरियो में शनिवार और मंगलवार को साप्ताहिक हाट भी लगता है दूरदराज से हाट बाजार करने आने वाले ग्रामीणों को भी पानी के लिए भटकना पड़ता है, प्राप्त जानकारी के अनुसार जल मीनार निर्माण के एक माह बाद से ही खराब हो गया, तब से खराब ही पड़ा हुआ है, कोई भी इसे ठीक कराने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है, जिस कारण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। वही उप मुखिया ने बताया कि जल मीनार की मरम्मती के लिए मिस्त्री से बात किया गया है, बोरियो बाजार की मुखिया मीना बास्की ने कहा कि जल्द ही जल मीनार को ठीक करवाया जाएगा।

### युवक को मधुमक्खी ने काट कर किया गंभीर

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के रहने वाला एक युवक को मधुमक्खी ने काटकर गंभीर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बड़तल्ला के रहने वाले मुन्ना चौधरी का पुत्र राजकुमार चौधरी (23) अपनी मां को हॉस्पिटल से डॉक्टर को दिखा कर घर वापस ले कर जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में झरनाकोलनी आम के पेड़ के पास मधुमक्खी राजकुमार चौधरी पर टूट पड़ा और पूरा शरीर में काट लिया जिससे वह गंभीर हो गया। जहां उसकी मां ने अन्य लोगों की सहायता से फौरन सदर अस्पताल इलाज के लिए लेकर आया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर केशव कृष्णा ने तुरंत इलाज में लग गए। डॉक्टर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि युवक को भर्ती कर लिया गया है और इलाज जारी है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, इलाजरत

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर में रविवार की रात सड़क हादसा में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं राहगीरों की मदद से आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां बीते रात्रि कॉलेज रोड में दो युवक बाइक से कही जा रहा था। इसी दौरान एक वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सकरोगढ़ के रहने वाला किशोर रजक (40) व बोलबम (30) है।

### करंट लगने से एक किशोरी की हालत बिगड़ी, भर्ती

साहिबगंज: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर घोंघी में सोमवार को घर में काम करने के दौरान एक किशोरी को करंट लगने से उसकी हालत गंभीर हो गई। वहीं परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। किशोरी शांति नगर के घोंघी के रहने वाले निवासी प्रदीप कुमार मंडल की पुत्री प्रीती कुमारी (14) है। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी के दादा ने बताया कि घर में ही काम करने के दौरान पानी वाला मोटर के तार में सटने से करंट लग गया है। वही डॉक्टर केशव कृष्णा ने बताया कि फिलहाल किशोरी का इलाज चल रहा है।

### सांप के काटने से अधेड़ हुआ मूर्छित

**साहिबगंज:** उधवा प्रखंड क्षेत्र के नाथू हाजी टोला, प्यार पुर निवासी अब्दुल करीम (55) सोमवार को खेत में काम कर रहा था, उसी दौरान एक जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। जिससे वह मूर्छित हो गया। जहां परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। वहीं अस्पताल में चिकित्सकों के देखरेख में इलाज चल रहा है।

## सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न

# स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, सोलर लाइट एवं अतिक्रमण मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों ने रखी समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष विजय कुमार हांसदा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, उनके क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की पहचान करना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक में जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, पाकुड़ विधायक निशात आलम, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कु, जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, दिशा समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। राजमहल विधायक द्वारा अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा के अभाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सक के अभाव में आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर सांसद द्वारा डी.एम.एफ.टी मद से चिकित्सक की नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। वहीं बरहेट विधायक प्रतिनिधि द्वारा यह मुद्दा उठाया गया कि जिले में नियुक्त चिकित्सक कुछ ही महीनों में त्यागपत्र देकर चले जाते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं। इस पर सुझाव दिया गया कि चिकित्सकों की नियुक्ति में कम से कम दो वर्षों का अनिवार्य सेवा अनुबंध (एग्रीमेंट) लागू किया जाए, ताकि स्थायित्व सुनिश्चित हो सके। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि राजमहल अनुमंडल अस्पताल में आगामी 20 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अल्ट्रासाउंड सेवा एवं बेड साइड ऑक्सीजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पाकुड़ विधायक द्वारा अपने क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड एवं महिला चिकित्सकों की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया गया। उन्होंने कहा कि इससे विशेष रूप से महिला मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर सांसद ने राज्य स्वास्थ्य विभाग को पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोलर पंपों की मरम्मत को लेकर भी चर्चा की गई। सांसद ने बताया कि पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन में जिले में तीन मरम्मती केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## रामनाथपुर को मिला नया आंगनबाड़ी केंद्र, बीडीओ ने किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखंड क्षेत्र के रामनाथपुर-2 में सोमवार को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी टुडू दिलीप द्वारा नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर दिलीप ने कहा कि नए आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने केंद्र के सुचारू संचालन पर जोर देते हुए सेविका एवं सहायिका को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका टुसू मुनी मुर्मू, संबंधित केंद्र की सेविका, सहायिका एवं जिला स्तर से पीएमयू सदस्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान स्थानीय लोगों में भी उत्साह का माहौल देखा गया।

## लॉटरी के नाम पर ठगी, कोटालपोखर में खुलेआम चल रहा अवैध धंधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोटालपोखर/साहिबगंज :** जिले क्षेत्र अंतर्गत कहते हैं कि जुए में कोई नहीं जीतता, लेकिन साहिबगंज जिले के कोटालपोखर में यह कहावत फेल हो चुकी है। यहाँ एक 'शख्स' ऐसा है जिसकी किस्मत जाली लॉटरी के टिकटों ने ऐसी चमकाई कि आज वह करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन बैठा है। हम बात कर रहे हैं कोटालपोखर के 'लॉटरी सम्राट' जिसने जाली लॉटरी के धंधे को कुटीर उद्योग बना दिया है।कोटालपोखर की भोली-भाली जनता रातों-रात अमीर बनने के सपने में अपनी गाढ़ी कमाई इन जाली टिकटों पर लुटा रही है। जनता तो अमीर नहीं हुई, लेकिन 'मास्टरमाइंड' की संपत्ति में ऐसा 'अंकुर' फूटा कि आज उसके पास हाईवा और बड़े ट्रकों का काफिला खड़ा है। सूत्र बताते हैं कि लॉटरी के काले खेल से अर्जित काली कमाई को सफेद करने के लिए ट्रकों का बड़ा कारोबार खड़ा किया गया है। जब गरीब आदिवासी और ग्रामीण एक-एक पैसे के लिए तरसते हैं, 'लॉटरी वाली गाड़ियां' साहिबगंज की सड़कों पर भ्रष्टाचार का शोर मचाती हुई दौड़ती हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पूरे कोटालपोखर को पता है कि जाली लॉटरी का मास्टरमाइंड कौन है, लेकिन हमारी कोटालपोखर पुलिस आज भी 'सुराग' ढूंढ रही है। साहब! जब करोड़ों की संपत्ति बन गई, ट्रकों का बेड़ा खड़ा हो गया, तब भी क्या पुलिस को किसी 'दिव्य ज्योति' का इंतजार है? पुलिस की यह 'अनजान' बनने की कला वाकई काबिले-तारीफ है। इसे 'प्रशासनिक लाचारी' कहें या 'माफिया का मधुर संरक्षण', यह जनता बखूबी समझ रही है। ज्ञात सूत्रों से जानकारी मिली है कोटालपोखर में लौटरी पाकुड़ और हिरनपुर के रास्ते आ रही है फिर भी प्रशासन खामोश है, कार्यवाही के नाम पर 0 है,खुलेआम गोरख धंधा चल रहा है। आगे देखना है इस पर कार्रवाई होती है या नहीं।

## यज्ञ मंडप की परिक्रमा करना अत्यंत कल्याणकारी लाभदायक होता : महामंडलेश्वर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज:** अपने बच्चों को अपने सनातन धर्म से जोड़कर रखे, धर्म का ज्ञान दे, धार्मिक आयोजन में पूरे परिवार के साथ जाए ताकि युवा पीढ़ी में धर्म शास्त्र सनातन संस्कृति का ज्ञान हो। उक्त बाते महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास जी महाराज ने कहा। शहर के साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुर्गा मंदिर परिसर समीप आयोजित श्री श्री 1008 श्री 11 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पांचवे दिन सोमवार को पांचवे दिन सुबह काशी के आचार्य डॉ हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में 21 सदस्यी पुरोहितो ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वाहन करके यज्ञ मंडप का पूजन व हवन किया। सुबह, दोपहर व संध्या बेला में पूजन किया ओर आरती किया गया। वही देश के विभिन्न क्षेत्रों से साधु संत महात्मा ओर नागा साधु का आगमन महायज्ञ परिसर में हुआ। महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास जी महाराज ने बताया कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा करना अत्यंत कल्याणकारी और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध माना जाता है। इससे मनोवांछित फल और सुख- शांति मिलती है, शरीर को निरोगी बनाता है, जीवन की आपदाओं को दूर करता है। यह दिव्य ऊर्जा से जुड़े रहने का एक अनूठा अवसर है। यज्ञ मंडप का सच्ची निष्ठा से परिक्रमा करने से जन्म-जन्मांतर के पापों का क्षय होता है और आत्मा पवित्र होता है। भक्तों का मनोरथ पूरा होता हैं। यज्ञ स्थान पर 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास होता है, यज्ञ मंडप की परिक्रमा से चारों धामों की यात्रा का फल मिलता है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिक्रमा करने से सकारात्मकता बढ़ती है और मानसिक अशांति दूर होती है। महायज्ञ में भाग लेने वाले और परिक्रमा करने वाले लोग बहुत सौभाग्यशाली होते हैं, जिन्हें भगवान लक्ष्मी नारायण की कृपा प्राप्त होती है। परिक्रमा हमेशा घड़ी की दिशा में, यानी अपने दाहिने हाथ की ओर से करनी चाहिए। वही महायज्ञ परिसर में सुबह से ही शहर, जिला के सभी प्रखंड सहित जिला के आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा करके देवी देवताओं का पूजन करके, साधु संत महात्मा नागा साधु का आशीर्वाद लेकर भव्य महायज्ञ के मेला का आनंद लेकर भंडारा प्रसाद ग्रहण कर रहे है। वही वैदिक मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र शुद्ध पवित्र भक्तिमय हो गया है।

## पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरियो थाना कांड संख्या 141/19 के प्राथमिकी अभियुक्त निशिकांत ठाकुर पिता मुरलीधर ठाकुर निवासी रसूलपुर दहला, थाना नगर, जिला साहिबगंज के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया। मामले में अभियुक्त पर भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 419, 420, 467, 468, 471 एवं 120बी के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी एवं आपराधिक साजिश रचने का आरोप है। लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण न्यायालय से इश्तेहार निर्गत किया गया। पुलिस द्वारा विधिवत ढोल-नगाड़ा बजाकर अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया तथा उसे शीघ्र न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। वही थाना प्रभारी ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करने पर अभियुक्त के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मामले में अन्य अभियुक्तों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है।

# कोटालपोखर बाजार में अज्ञात शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के थाना रोड बाजार में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई और क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त व्यक्ति सुबह से ही बाजार क्षेत्र में एक स्थान पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा था। बाजार में रोज की तरह चहल-पहल जारी थी और लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान कई लोगों की नजर उस व्यक्ति पर पड़ी, लेकिन उसकी निष्क्रिय अवस्था को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। काफी देर तक एक ही स्थिति में बैठे रहने और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ। जब स्थानीय लोगों ने पास जाकर उसे देखा और आवाज देकर प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की, तब पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों ने तुरंत इसकी सूचना कोटालपोखर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की, ताकि मृतक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है, जिससे मामले की गुत्थी और उलझ गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके। प्रारंभिक तौर पर किसी तरह की बाहरी चोट के स्पष्ट निशान की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में भीड़भाड़ के बावजूद इस तरह की घटना चिंता का विषय है। वहीं, पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संभावित पहचान के लिए अन्य थानों से भी संपर्क करने में जुटी हुई है। फिलहाल, कोटालपोखर थाना पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही मृतक की पहचान एवं घटना के कारणों का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएलपीएस के सहयोग से आत्मनिर्भर बनी कोरोलिना किस्कू



**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतरगर्त बरमसिया पंचायत के बरमसिया गांव की निवासी कोरोलिना किस्कू आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बनकर उभरी हैं। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से उन्होंने तरबूज की खेती एवं मुर्गी पालन शुरू कर अपनी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है। कोरोलिना किस्कू ने बताया कि पहले उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन जेएसएलपीएस से जुड़ने के बाद उन्हें प्रशिक्षण और आवश्यक सहायता मिली, जिससे उन्होंने स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया। आज वे तरबूज की खेती के साथ-साथ मुर्गी पालन कर अच्छी आमदनी अर्जित कर रही हैं। इस पहल का जायजा लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। मौके पर संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कोरोलिना किस्कू की मेहनत और सफलता की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताई।

### घाघरजानी में पोषण पखवाड़ा की धूम जागरूकता रैली से दिया स्वास्थ्य का संदेश



**हिरणपुर :** जिले के हीरानपुर घाघरजानी स्थित प्रखंड सभागार में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दिलीप टुडू के नेतृत्व में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक आयोजित कर पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान कुपोषण को दूर करने के लिए दाल, साग-सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सेविकाओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करें। वहीं पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें पोषण के महत्व को लेकर संदेश दिए गए। कार्यक्रम में पर्यवेक्षिका टुसू मुनी मुर्मू एवं बबली शर्मा समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहीं।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का किया गया वितरण



**पाकुड़:** ज़िले में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2025-26 के अंतर्गत महेशपुर प्रखंड के ग्राम चपतुरा, कानिझारा में पशुपालकों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अवसर पर कुल 5 चयनित लाभुकों के बीच प्रति लाभुक 8 पाठी एवं 2 पांठा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप मुखिया, कानिझारा की गरिमामयी उपस्थिति रही। वितरण कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, महेशपुर डॉ. मु. कलीमुद्दीन अंसारी के द्वारा किया गया। उन्होंने लाभुकों को पशुपालन से जुड़ी आवश्यक जानकारी देते हुए इसे स्वरोजगार एवं आयवृद्धि का सशक्त माध्यम बताया। इसके साथ ही, वितरित किए गए बकरा-बकरी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कृमिनाशक दवा भी उपलब्ध कराई गई, ताकि पशुओं का समुचित स्वास्थ्य एवं विकास सुनिश्चित हो सके।

### डिजनीलैंड मेला में जलपरी शो हुआ शुरू



**साहिबगंज:** डिजनीलैंड मेला में सोमवार से जल परी शो का शुभारंभ हुआ। मेला प्रबंधक रणजीत साहा ने बताया कि मेला में जलपरी शो शाम पांच बजे से नौ बजे तक चलेगा। शहर में पहली बार जलपरी शो का आयोजन किया गया है। शहरवासियों के लिए जलपरी शो आकर्षक का केंद्र है। शहरवासी एक बार जलपरी शो देखने आवश्य आए।

### घाटशिला महाविद्यालय में संविधान पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

पूर्वी सिंहभूम : जिले के घाटशिला महाविद्यालय में सोमवार को डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से अपने संविधान को जानें विषय पर एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 समूहों ने भाग लिया, जिनमें प्रत्येक समूह में पांच-पांच विद्यार्थी शामिल थे। प्रतियोगिता में दर्शकों के लिए भी एक विशेष समूह बनाया गया था, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और सहभागिता का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो इंदल पासवान ने क्विज मास्टर के रूप में किया। स्कोरर की जिम्मेदारी डॉ सोमा सिंह, प्रो पूंजीशा बेदिया और प्रो शंकर माहली ने निभाई, जबकि टाइम कीपर के रूप में डॉ चिरंतन महतो सक्रिय रहे। इस दौरान डॉ दिलचंद राम, डॉ संदीप चंद्रा, डॉ कृष्णा प्रसाद, डॉ कुमार विशाल और प्रो मानिक मार्दी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि सभी टीमों के नाम झारखंड के प्रमुख पहाड़ों के नाम पर रखे गए थे। प्रतियोगिता में त्रिकूट पहाड़ समूह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें धानी मुर्मू, आरसू मुर्मू, सोनाली पातर, सलमा टुडू और छीता मुर्मू शामिल थे। लुगू पहाड़ समूह ने दूसरा स्थान हासिल किया, जिसमें पिंकी राणा, बानी कुमारी सिंह, नीतू राउत, काजल कुमारी और राखी पातर शामिल थीं। वहीं कनारी हिल समूह तीसरे स्थान पर रहा, जिसमें स्वीटी चौबे, पूजा चौबे, पूर्णिमा सामंता, खुशी महतो और स्वस्तिका सिंह ने भाग लिया। सभी विजेताओं को शीघ्र ही प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी अवसर पर घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में भी डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान दयानंद सदन के कॉयर ग्रुप ने सरस्वती वंदना और गुरु वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा छठवीं के छात्र सिद्धार्थ महतो ने सुविचार प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### पत्नी से झगड़े के बाद पति ने की खुदकुशी

**खूंटी :** तोरपा थाना क्षेत्र के सिरम टोली निवासी कृष्णा स्वांसी (26) ने घर में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम कृष्णा और उसकी पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था । इस पर उसकी पत्नी ने अपने भाइयों को बुलवा लिया और दोनों भाइयों ने कृष्णा की जमकर पिटाई कर दी। इससे उसका हाथ टूट गया। अस्पताल में उसके हाथ में प्लास्टर लगाया गया था। इस बात को लेकर कृष्णा काफी दुखी था। रविवार को दिन में भी पति-पत्नी में कहासुनी हुई और रात को कृष्णा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सोमवार को घटना की सूचना मिलते ही तोरपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।

### रेल मंडल के एरिया मैनेजर ने ट्रेनों की देरी पर विधायक को किया आश्वस्त

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर चल रही शिकायतों के बीच सोमवार को चक्रधरपुर रेल मंडल के निर्देश पर एरिया मैनेजर ने विधायक सरयू राय से मुलाकात की। इस दौरान एरिया मैनेजर ने बताया कि रेल प्रशासन यात्री ट्रेनों को समय पर चलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और हाल के दिनों में इसमें सुधार भी देखा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। यह जानकारी विधायक सरयू राय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। एरिया मैनेजर ने सरयू राय को एक चार्ट भी सौंपा, जिसमें करीब 13 यात्री ट्रेनों के टाटानगर से समय पर खुलने और कुछ के समय पर पहुंचने का विवरण शामिल है। इसमें साउथ बिहार एक्सप्रेस, टाटा-थावे और स्टील एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का उल्लेख किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हाल के दिनों में चक्रधरपुर मंडल में मालगाड़ियों के परिचालन में लगभग दो प्रतिशत की कमी की गई है, ताकि यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता देकर समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इस पर सरयू राय ने स्पष्ट कहा कि आंकड़ों से ज्यादा महत्वपूर्ण यात्रियों की सुविधा है। आम लोगों की अपेक्षा सिर्फ इतनी है कि ट्रेनें समय पर आएं और जाएं। उन्होंने दोहराया कि उनका संघर्ष रेल प्रशासन के खिलाफ नहीं, बल्कि यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी खत्म करने के लिए है।

### पंचायतों तक जल्द पहुंचेगी वित्त आयोग की राशि : मंत्री

**पश्चिमी सिंहभूम :** कोल्हान विश्वविद्यालय सभागार में सोमवार को आयोजित कोल्हान प्रमंडल स्तरीय मुखिया सम्मेलन में ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया अपने पंचायत के मुख्यमंत्री के समान हैं और गांवों के समग्र विकास में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य गठन के बाद पहली बार पंचायतों को 15 वें वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से सबसे अधिक राशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले 10 से 15 दिनों के भीतर राज्य वित्त आयोग की राशि सीधे पंचायतों तक पहुंचा दी जाएगी। इस बार प्रत्येक पंचायत को लगभग 52 लाख रुपये मिलने की संभावना जताई गई है, जिससे ग्रामीण विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। मंत्री ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद मुखिया समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और सरकार उनके प्रयासों को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाई ने की फुफेरी बहन की धारदार हथियार से मारकर हत्या, फिर की खुदकुशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** पलामू के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बहन की हत्या करने के बाद एक भाई ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। घटना बखारी रेलवे लाइन और पिपरडीह गांव की है। रेलवे लाइन से युवक का शव बरामद हुआ, जबकि गांव में युवक के घर के कमरे में बेड से लड़की का शव मिला। लड़की की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। शव खून से लथपथ पाई गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेज दिया है। पूरे मामले में जांच की जा रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या और खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। युवक की पहचान पिपरडीह गांव निवासी बिट्टू कुमार सिंह(23 ), पिता स्वर्गीय शिव शंकर कुमार सिंह और लड़की की शिनाख्त खुशबू कुमारी (16), पिता दीपक सिंह के रूप में हुई है। लड़की लातेहार के बरवाडीह थाना क्षेत्र के डोरामी की रहने वाली थी। हत्या करने वाला युवक लड़की का बुआ का लड़का था। मृतका ममेरी बहन थी। बिट्टू और उसके परिवार के लोगों ने काम करने के लिए एक सप्ताह पहले खुशबू को घर बुलाया था। घटना देर रात की बताई गई है। लड़की की मौत की जानकारी सोमवार सुबह हुई। युवक का शव भी घर से दो किलोमीटर दूर रेलवे लाइन से सुबह बरामद हुआ है। मरने वाला युवक ग्रेजुएशन किया था। उसके दो और भाई हैं। सदर थाना प्रभारी लाल जी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक ने पहले नाबालिक लड़की की हत्या की उसके बाद खुद भी ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी तड़के सुबह करीब 3:00 बजे मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। पहले लड़की शव बरामद किया गया। बाद में पता चला कि युवक का भी शव रेलवे लाइन पर पड़ा है। दोनों फुफेरे भाई बहन थे। घटना के समय दोनों एक ही कमरे में थे। मामला प्रेम प्रसंग प्रतीत होता है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## टिकट जांच में 284 यात्रियों से 2.34 लाख का वसूला गया जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर रेल मंडल में बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने और यात्रियों को अधिकृत टिकटिंग प्रणाली के उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए रेलवे की ओर से सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में एक साथ संचालित किया गया। सोमवार को रेलवे की ओर से विज्ञप्ति जारी कर बताया है गया कि अभियान के तहत टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, आदित्यपुर, गम्हारिया, चाईबासा, राजखरसावां, बामरा, पानपोश, बोंडामुंडा, राजगंगपुर और बारबिल सहित कई स्टेशनों पर टिकट जांच टीमों को रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से तैनात किया गया। जांच के दौरान बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान में कुल 284 लोग बिना टिकट या नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए, जिनसे जुमार्ने के रूप में कुल 2,34,320 रुपए की राशि वसूली गई। इसके अलावा रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने और धूम्रपान करने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए उनसे अलग से जुमार्ना लिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य न केवल बिना टिकट यात्रा को हतोत्साहित करना है, बल्कि यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक कर उन्हें वैध टिकट लेकर यात्रा करने के लिए प्रेरित करना भी है। साथ ही, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए यात्रियों को बेहतर और व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना भी रेलवे की प्राथमिकता है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह के सघन जांच अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके ।

## बरही में टीबी उन्मूलन की तैयारी तेज, 14 से 28 अप्रैल तक चलेगा विशेष जांच अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** प्रखंड सभागार में टीबी उन्मूलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने जानकारी दी कि क्षेत्र में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चयनित गांवों में विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर के तहत टीबी की विशेष जांच की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग करेगी और संदिग्ध मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में बताया गया कि प्रखंड के लगभग 45 गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां यह अभियान चलाया जाएगा। 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जिन लोगों में टीबी के लक्षण दिखाई देंगे, उन्हें तुरंत चिन्हित कर इलाज शुरू किया जाएगा। डॉ. ज्ञानी ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे बिना किसी हिचक के जांच करवाएं और स्वास्थ्य टीम का सहयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के दौरान टीबी के अलावा अन्य बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की भी जांच की जाएगी, ताकि लोगों को समग्र स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

## बहरागोड़ा में 50 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 50 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। सोमवार को ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने टाटा पंच कार (रजिस्ट्रेशन नंबर JH05DS-6333) को संदेह के आधार पर रोका। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसकी डिक्की से 25 पैकेट में पैक लगभग 50 किलो गांजा बरामद किया गया। इसके साथ ही वाहन में सवार दो लोगों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जमशेदपुर के सोनारी झाबरी बस्ती भीम यादव और बिहार भोजपुर निवासी के राज कुमार पाल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से दो मोबाइल फोन और 3482 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा के चिल्का झील के आसपास के इलाके से लाया गया था,जिसे जमशेदपुर और बिहार के विभिन्न हिस्सों में खपाने की योजना थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह तस्करी एक संगठित नेटवर्क के जरिए की जा रही थी, जिसमें कई और लोग शामिल हो सकते हैं। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरोह के सरगना की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर में अपराध नियंत्रण और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जुगसलाई थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रविवार देर रात पार्वती घाट से गरीब नवाज कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर छापेमारी कर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जुगसलाई थाना क्षेत्र के गरीब नवाज कॉलोनी (पहलवान डेरा) निवासी मो शहजादा (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक 7.65 एमएम का देशी पिस्टल, एक मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। साथ ही आरोपित के पास से एक महंगा आईफोन मोबाइल और घटनास्थल से उसकी सफेद रंग की हुंडई वरना कार (नंबर- जेएच05एयू8134) भी जब्त की गई है। सोमवार को सिटी एसपी कुमार शिवा आशीष ने प्रेस वार्ता में बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि जुगसलाई क्षेत्र के पार्वती घाट और गरीब नवाज कॉलोनी के रास्तों पर संदिग्ध अपराधियों की आवाजाही बढ़ गई है। इस सूचना के आधार पर सिटी एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खां के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने संबंधित मार्ग पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध सफेद हुंडई वरना कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद युवक को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में जुगसलाई थाना में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खां के साथ एसआई अजय कुमार यादव, गोपाल कुमार, गौतम कुमार, मनोज कुमार गोराई, हवलदार कुंदन राम, बिहारी मिश्रा और आरक्षी सैयद सलमान अख्तर की अहम भूमिका रही।

# आंबेडकर जयंती पर विभावि में संगोष्ठी का आयोजन समानता और सामाजिक न्याय पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में बाबा साहेब डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। संगोष्ठी में बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने बताया की बाबा साहेब का मानना था की समानता के बिना स्वतंत्रता निरर्थक है। उन्होंने बताया की बाबा साहब ने धार्मिक उन्माद पर प्रहार करते हुए कहा था कि धर्म मनुष्य के लिए है, मनुष्य धर्म के लिए नहीं। उन्होंने कहा था की धर्म वही है जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा की भावना जगा सके। बाबा साहेब की बात को याद करते हुए डॉ सिंह ने बताया कि वह कहते थे कि जीवन लंबा नहीं, बल्कि महान होनी चाहिए। महिलाओं पर बाबा साहेब के विचारों को बताते हुए उन्होंने कहा की बाबा साहब ने स्पष्ट किया था कि जब तक समाज की महिलाओं की प्रगति नहीं होती है तब तक समाज की प्रगति आधी-अधूरी ही मानी जाएगी। विशिष्ट वक्ता इनामुल अंसारी ने बाबा साहब के जीवन यात्रा से सबको परिचित कराया। बताया कि उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था। भारत के प्रथम विधि मंत्री बने। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उनके योगदान हमेशा याद किए जाते हैं। इनामुल ने बाबा साहब द्वारा लिखी गई पुस्तकों की भी जानकारी दी। बताया कि उनके योगदानों के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। विशिष्ट वक्ता श्वेता कुमारी ने संविधान के निर्माण में बाबा साहेब के योगदानों को रेखांकित करते हुए उन्हें संविधान का जनक बताया। बताया कि बाबा साहब केवल संविधान का ही नहीं बल्कि आधुनिक भारत के निमार्ता है। संविधान के निर्माण में उन्होंने 60 से अधिक देशों के संविधान का गहन अध्ययन किया। भारत में लोकतंत्र की स्थापना और एक व्यक्ति एक मत उनके प्रमुख योगदानों में से है। श्वेता ने बताया कि बाबा साहब ने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार देने की वकालत की। वक्ता सौरभ कुमार ने सामाजिक न्याय पर बाबासाहेब के विचारों पर प्रकाश डाला। बताया कैसे उन्होंने भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई और प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान की बात को प्रमुखता से रखी। बाबा साहब के आरक्षण संबंधी विचारों को भी सौरभ ने बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस पर बच्चों में दिखा उत्साह



**झुमरी तिलैया :** अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया द्वारा श्री अग्रसेन भवन में मारवाड़ी समाज के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चला, जिसका उद्देश्य बच्चों में अंतरिक्ष, इसरो एवं नासा जैसे विषयों के प्रति रुचि बढ़ाना था। कार्यक्रम के तहत निबंध, ड्राइंग, क्विज एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में कुल 38 बच्चों ने भाग लिया। कक्षा 1 से 3 वर्ग में शिवया खेतान विजेता एवं आरव जैन उपविजेता रहे। कक्षा 4 से 7 वर्ग में वंश केडिया विजेता एवं वियांश जैन उपविजेता रहे। वहीं कक्षा 8 से 10 वर्ग में तविशी जैन विजेता एवं वंशिका बंसल उपविजेता रहीं। ड्राइंग प्रतियोगिता में 47 बच्चों ने भाग लिया। कक्षा 1 से 3 वर्ग में निहित संघई विजेता एवं आरवी संघई उपविजेता रहीं। कक्षा 4 से 7 वर्ग में वाणी बंसल विजेता एवं अनय चौधरी उपविजेता रहे। क्विज प्रतियोगिता में कुल 41 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें मंच के सदस्य एवं अभिभावकों को भी भाग लेने का अवसर मिला। कक्षा 1 से 3 वर्ग में शिव्या खेतान विजेता एवं वेदांश केडिया उपविजेता रहे। कक्षा 4 से 7 वर्ग में कुशाग्र जैन विजेता तथा वंश केडिया एवं कृशव अग्रवाल संयुक्त उपविजेता रहे। कक्षा 8 से 10 वर्ग में राधिका गोरासरिया विजेता एवं वंशिका बंसल उपविजेता रहीं। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में कुल 6 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए, जिसमें रचित सरावगी प्रथम एवं कुशाग्र जैन द्वितीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि विजेताओं एवं उपविजेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में चंदन कुमार (ग्रिजली स्कूल), कंचन अग्रवाल (क्लोरोफिल स्कूल) एवं सीमा सरावगी (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर मंच के अध्यक्ष मोहित संघई ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ता है तथा उनके ज्ञान और प्रतिभा का विकास होता है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### झुमरी तिलैया में मंदिर भी नहीं सुरक्षित शिव मंदिर में चोरी, दान पेटी तोड़ी



**कोडरमा :** झुमरी तिलैया शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और अब चोरों के निशाने पर धार्मिक स्थल भी आ गए हैं। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मांडूवाटांड़, वार्ड संख्या 27 स्थित शिव मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। स्थानीय महिलाओं ने सुबह पूजा करने गई तो देखा कि गया प्रसाद द्वारा निर्मित इस मंदिर में चोरों ने गेट के अंदर की घुंडी खोलकर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में लगे दो घंटे, एक नाग-नागिन प्रतिमा, त्रिशूल, भजन-कीर्तन में उपयोग होने वाले सामान, चार पीतल के लोटे और एक पीतल का परात चुरा लिया। इतना ही नहीं, चोरों ने मंदिर की दान पेटी को भी तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

### छोटकी चलंगा में भव्य कलश यात्रा के साथ पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के ग्राम छोटकी चलंगा में आयोजित 'श्री श्री बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ' में मुख्य कलश देकर विधायक मनोज कुमार यादव जी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव जी शुभारंभ किया। साथ में बारसोत पंचायत मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, युवा समाजसेवी मुन्ना यादव, वार्ड सदस्य पिंकी देवी आदि भी शामिल रहें । विधायक ने इस अवसर पर कहा कि प्रभु बजरंगबली की असीम कृपा और गायत्री माता के आशीर्वाद से समस्त क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे, यही मंगल कामना है।

### चाईबासा महिला कॉलेज में अंबेडकर जयंती मनाई गई, जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा महिला कॉलेज के इतिहास विभाग में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रीति बाला सिन्हा और अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर की। अपने संबोधन में प्राचार्या ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ संकल्प और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही समाज में समानता और न्याय के लिए उनके योगदान को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ. अमृता जायसवाल ने बाबा साहेब के महिला सशक्तिकरण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, समान अधिकार और सामाजिक सम्मान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। इस अवसर पर उधम सिंह के बलिदान को भी याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड का प्रतिशोध लेकर उन्होंने शहीदों को न्याय दिलाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डॉ. ललिता सुंडी, अंजना सिंह, डॉ. प्रशांत खरे, डॉ. रुबी कुमारी, मनीषा बिरुआ और सोना माई सुंडी सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में पूनम बारी ने प्रथम, अर्चना प्रधान ने द्वितीय और संजना गोप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्वरित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दुर्गामनी बेहेरा प्रथम, प्यासा महतो द्वितीय और अर्चना प्रधान तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता में पूनम बारी ने प्रथम और रानी कुमारी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डॉ. अंबेडकर के विचारों से प्रेरित करना और देश के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था।

संक्षिप्त डायरी

## बिहार का पहला स्पोर्ट्स साइंस सेंटर हो रहा तैयार

**पटना (एजेंसी)** बिहार का पहला स्पोर्ट्स साइंस सेंटर जल्द ही बनकर तैयार होने वाला है. यहां खिलाड़ियों को मसाज, रिहैबिलिटेशन समेत अन्य कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी. स्पोर्ट्स साइंस सेंटर के निर्माण की लागत लगभग 15 करोड़ रुपए है. बिहार के खिलाड़ियों को खास गिफ्ट मिलने वाला है. नेशनल स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की तरह बिहार में भी स्पोर्ट्स साइंस सेंटर बनाया जा रहा है. इसकी लागत लगभग 15 करोड़ रुपए बताई जा रही है. यह बिहार का पहला स्पोर्ट्स साइंस सेंटर होगा. इसके तैयार होने से बिहार के खिलाड़ियों को खास सुविधा मिल सकेगी. कहां बनाया जा रहा है स्पोर्ट्स साइंस सेंटर? स्पोर्ट्स साइंस सेंटर को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स और राजगीर खेल अकादमी में बनाया जा रहा है. इसके बनने से बिहार के खिलाड़ी तकनीकी रूप से मजबूत हो सकेंगे. इसके साथ ही स्पोर्ट्स साइंस सेंटर का निर्माण अगले साल तक पूरा होने की संभावना जताई जा रही है. अगले साल राज्य के खिलाड़ियों को इसे सौंपा दिए जाने की तैयारी है. खिलाड़ियों को मिलेगी क्या-क्या सुविधाएं? यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है कि स्पोर्ट्स मसाज के साथ-साथ रिहैबिलिटेशन की भी सुविधा मिल सकेगी. इससे खिलाड़ियों को यह फायदा हो सकेगा कि फिजिकल परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने, चोट को रोकने और चोट लगने पर उसके जल्द रिहैबिलिटेशन का काम किया जाता है. एक्सपर्ट भी कर सकेंगे खिलाड़ियों की मदद इसके साथ ही साथ यहां खिलाड़ियों को फिजिकली स्ट्रॉन्ग बनाया जाएगा. उनकी सहनशक्ति, स्ट्रेंथ और स्पीड एनालिसिस कर उसे बढ़ाने को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी. साथ ही यहां फिजियोलॉजी, बायोमैकेनिक्स, पोषण और साइकोलॉजी के एक्सपर्ट खिलाड़ियों की हर तरह से मदद कर सकेंगे. बिहार में खेल को बढ़ावा बिहार में खेल को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है. यहां गांव-गांव खेल मैदान बनाने की योजना से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी तक, राज्य अब खेलों में नई पहचान गढ़ने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है. अब बिहार खेलों को केवल प्रतियोगिता के तौर पर नहीं, बल्कि विकास, रोजगार और पहचान के मजबूत माध्यम के रूप में देख रहा है. जिस तरह से बुनियादी ढांचे और नीतियों पर काम हो रहा है. आने वाले समय में बिहार देश के स्पोर्ट्स मैप पर एक मजबूत और निर्णायक केंद्र के रूप में उभर सकता है.

## पालीगंज में 9 ताले तोड़कर अष्टधातु मूर्तियां चोरी

**पटना (एजेंसी)** पटना के पालीगंज इलाके में अंकुरी गांव स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी में शनिवार देर रात शातिर चोरों ने नौ ताले तोड़कर भगवान की अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियां चुरा लीं. करोड़ों की कीमत वाली इन मूर्तियों के गायब होते ही गांव में आक्रोश का माहौल बन गया है. बिहार की राजधानी पटना से सटे पालीगंज में शनिवार की देर रात अंकुरी गांव स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी में घुसकर शातिर चोरों ने भगवान लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की अष्टधातु की मूर्तियां गायब कर दीं. रविवार सुबह जब ग्रामीण रोज की तरह पूजा-अर्चना के लिए ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचे, तो मंदिर का नजारा देखकर सन्न रह गए. मूर्तियों के गायब होने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई. 9 तालों की सुरक्षा भी रही नाकाम चोरों के दुस्साहस का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने मंदिर में प्रवेश के लिए एक-दो नहीं, बल्कि पूरे नौ ताले तोड़े. यह साफ संकेत है कि अपराधी पहले से पूरी तैयारी के साथ आए थे. ग्रामीणों के अनुसार, इन मूर्तियों का ऐतिहासिक महत्व है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है. ग्रामीणों में आक्रोश अंकुरी गांव की इस ठाकुरबाड़ी का इतिहास काफी पुराना है और यह ग्रामीणों की आस्था का बड़ा केंद्र है. यह पहली बार नहीं है जब इस ठाकुरबाड़ी को निशाना बनाया गया हो. ग्रामीणों ने बताया कि करीब सात और बीस साल पहले भी यहां से मूर्तियां चोरी हुई थीं, जिन्हें काफी कोशिशों के बाद बरामद किया गया था. बार-बार हो रही इन घटनाओं ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## बिहार में लोकल महिलाएं बनेंगी नशामुक्ति ब्रांड एंबेसडर

**पटना (एजेंसी)** बिहार में बढ़ते सूखा नशा और अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ अब सरकार ने एक नई रणनीति तैयार की है. समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर हर जिले में स्थानीय महिलाओं को नशामुक्ति ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा, जो गांव-गांव जाकर इस लड़ाई को जमीन पर उतारेंगी. बिहार में शराबबंदी के बाद अब सूखा नशा यानी ड्रग्स के बढ़ते कारोबार की कमर तोड़ने के लिए बिहार सरकार ने महिलाओं को इस जंग का नेतृत्व सौंपने का निर्णय लिया है. समाज कल्याण विभाग ने हर गांव से 10-10 सक्रिय महिलाओं को इस अभियान की कमान सौंपी है. ये महिलाएं न केवल अपने क्षेत्र की नशामुक्ति ब्रांड एंबेसडर बनेंगी, बल्कि नशे की जड़ पर प्रहार करने के लिए सीधे सरकार से जुड़ेंगी. ड्रग्स सप्लायरों की खैर नहीं यह अभियान महज कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहने वाला है. गांवों में तैनात महिलाओं की यह विशेष टोली एक जासूस की तरह काम करेगी. ये महिलाएं अपने इलाके के हर घर की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगी, जिसमें यह साफ तौर पर दर्ज होगा कि कौन सा युवा या व्यक्ति किस प्रकार के नशे की गिरफ्त में है. सबसे बड़ी बात यह है कि नशे की सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए ये महिलाएं सीधे जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को इनपुट देंगी, जिससे तस्करों के नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके. आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे कंट्रोल रूम नशामुक्ति अभियान को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने सूचना तंत्र को बेहद मजबूत कर दिया है. अब गांवों की दीवारों पर विशेष पोस्टर लगाए जाएंगे,

## प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं छोड़ेंगे बिहार के सरकारी डॉक्टर

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार द्वारा सरकारी डॉक्टरों की प्राईवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने के प्रस्ताव ने अब बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन , बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) और विश्व आयुर्वेद परिषद ने इस फैसले को एकतरफा बताते हुए विरोध दर्ज कराया है. डॉक्टरों का कहना है कि बिना व्यापक चर्चा के ऐसा निर्णय स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है. पटना के भवन में आयोजित बैठक में डॉक्टरों ने साफ कहा कि प्राइवेट प्रैक्टिस पर पूरी तरह रोक लगाना व्यावहारिक नहीं है. उनका मानना है कि इससे न केवल डॉक्टरों की आय प्रभावित होगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ सकता है. डॉक्टरों ने इसे वन-साइडेड डिसीजन बताते हुए सरकार से पुनर्विचार की मांग की है. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) और विश्व आयुर्वेद परिषद ने इस फैसले को एकतरफा करार देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है. डॉक्टरों का साफ कहना है कि सरकार का यह कदम न केवल उनके अधिकारों का हनन है, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा. डॉक्टरों ने सरकार के प्रस्ताव को बताया एकतरफा डॉक्टरों का तर्क है कि प्राइवेट प्रैक्टिस को अनिवार्य रूप से बंद करने के बजाय इसे वैकल्पिक रखा जाना चाहिए. उनका कहना है कि सरकारी सेवा में आने वाले डॉक्टरों या मेडिकल शिक्षकों पर किसी भी तरह का दबाव बनाना अनुचित है. आइएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह और भासा के अध्यक्ष डॉ. रोहित कुमार ने स्पष्ट किया कि बिना सुविधाओं में सुधार किए इस तरह की पाबंदी लगाना न्यायसंगत नहीं है. भासा का 5 सूत्रीय अल्टीमेटम बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) ने इस विवाद को सुलझाने के लिए सरकार के सामने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं. भासा का कहना है कि यदि सरकार इस नीति को लागू करना चाहती है

# बिहार में 'नीतीश युग' का अंत! 14 अप्रैल को दे सकते हैं इस्तीफा, पहली बार राज्य में बनेगा भाजपा का मुख्यमंत्री



पटना (एजेंसी) बिहार की राजनीति में बड़ा फेरबदल आसन्न है, क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 14 अप्रैल को अपनी अंतिम कैबिनेट बैठक के बाद इस्तीफा दे सकते हैं, जिससे राज्य में पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री का मार्ग प्रशस्त होगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को इस पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है, और अंतिम निर्णय भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। बिहार एक महत्वपूर्ण राजनीतिक दौर में प्रवेश कर रहा है, क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 14 अप्रैल को अपनी अंतिम कैबिनेट बैठक के बाद पद छोड़ने वाले हैं। बैठक में अब कुछ ही घंटे शेष हैं, ऐसे में सभी की निगाहें भाजपा के अगले कदम और नेतृत्व के चयन पर टिकी हैं, जो राज्य के भविष्य को आकार देगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे अपनी संभावित अंतिम मंत्रिमंडल बैठक बुलाई है। इसके तुरंत बाद, उनके राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने की उम्मीद है। सत्ता हस्तांतरण की तैयारियां पहले से ही चल रही हैं और आधिकारिक प्रेस ब्रीफिंग की व्यवस्था की जा रही है। नीतीश कुमार ने सर्कुलर रोड स्थित 7 नंबर के अपने आधिकारिक आवास को खाली करना भी शुरू कर दिया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि उनका पद छोड़ना निकट है। एनडीए गठबंधन में प्रमुख सहयोगी रही भाजपा, जो बिहार में कभी मुख्यमंत्री नहीं बनी, अब उसके पास मौका है। 2025 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 89 सीटें जीतकर पहली बार विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया; वहीं सहयोगी जेडीयू ने 85 सीटें जीतीं। एनडीए ने 243 में से 202 सीटों पर जीत हासिल की, जिससे आरजेडी-कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन की ताकत और कम हो गई। हालांकि, नेता चुप्पी साधे हुए हैं। दिल्ली के एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कृपया यह न पूछें कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि वह भाजपा से ही होगा। यह निर्णय उच्च स्तर पर लिया जाना है और इस स्तर पर किसी को भी अटकलें नहीं लगानी चाहिए, क्योंकि कुछ ही दिनों में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह अंतिम निर्णय लेंगे। जेडीयू के नेता भी अटकलों से दूर रहे हैं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि 13 अप्रैल के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। भाजपा की सूची में तीन नाम शीर्ष पर उभर कर आए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को इस पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। बिहार की दूसरी सबसे बड़ी पिछड़ी जाति कुशवाहा समुदाय के एक प्रमुख नेता के रूप में, उनकी पदोन्नति से पार्टी के ओबीसी समीकरण को मजबूती मिलेगी। वर्तमान में उनके पास गृह मंत्रालय का प्रभार है और वे दूसरी बार उपमुख्यमंत्री बने हैं।

## बिहार के बस संचालकों के लिए गाइडलाइन जारी, मनमाने वसूली पर लगेगी ब्रेक

**पटना (एजेंसी)** बिहार में बस के किराए में संशोधन कर उसे बढ़ाए जाने की तैयारी की गई है. लेकिन इसके साथ-साथ बस संचालकों के लिए भी सख्त गाइडलाइन जारी कर दिया गया है. यात्रियों से मनमाने तरीके से वसूली करने पर ब्रेक लगाई जाएगी. बिहार में पिछले दिनों बस के किराए में बढ़ोतरी किए जाने का प्रस्ताव लाया गया था. इसके साथ ही अब बस संचालकों के लिए गाइडलाइन जारी कर दिया गया है. नए गाइडलाइन के मुताबिक, बस का ठहराव सिर्फ रजिस्टर्ड बस स्टैंड पर ही होगा. इसके साथ ही बस की क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को बैठाया जाएगा. यात्रियों को मिल सकेगी सहूलियत अधिकारी की मानें तो, परिवहन विभाग की इस नई व्यवस्था से यात्रियों को सहूलियत मिल सकेगी. इसके साथ ही पारदर्शिता और अनुशासन भी लागू हो पाएगा. खास बात यह भी होगी कि हर एक बस में कंपलेन रजिस्टर होगा, जिसमें यात्री किसी भी परेशानी को दर्ज कर सकेंगे, जिसका समाधान किया जाएगा. निर्धारित भाड़ा से ज्यादा भाड़ा लेने पर लगेगी रोक कई बार बस संचालकों की ओर से यात्रियों से मनमाना वसूली करने की भी शिकायत आती है. नई व्यवस्था की वजह से इस पर रोक लग सकेगी. निर्धारित भाड़ा से ज्यादा भाड़ा वसूल करना अपराध माना जाएगा. जानकारी के मुताबिक, मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत मिले अधिकारों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है. डीटीओ ने निर्देश दिया है कि सभी बस स्टैंड और बसों के अंदर किराए की लिस्ट चिपकाना अनिवार्य होगा. बस के किराए में इतने रुपए बढ़ाने का प्रस्ताव जानकारी के मुताबिक, नॉर्मल बसों के किराए में 50 किलोमीटर तक के लिए 15 प्रतिशत, 100 किलोमीटर के लिए 14 प्रतिशत, 150 किलोमीटर तक के लिए 13 प्रतिशत, 200 किलोमीटर तक के लिए 12 प्रतिशत, 250 किलोमीटर तक के लिए 11 प्रतिशत और 300 किलोमीटर की अधिक दूरी तक के लिए 10 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा गया था

## बिहार में पुलिस पर हमला, शराब की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी टीम

**पटना (एजेंसी)** बिहार में एक बार फिर पुलिस टीम पर हमला किया गया. शराब तस्करी की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम छापेमारी के लिए पहुंची थी. इसी दौरान हमला किया गया. घटना में तस्कर और पुलिस दोनों जख्मी हुए हैं. बगहा पटखौली थाना इलाके में शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर एक तस्कर ने हमला कर दिया. घटना में एक सिपाही घायल हो गया. इस दौरान तस्कर भी जख्मी हो गया. दोनों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया. घटना बगहा रेलवे स्टेशन के पास की है . पुलिस को मिली थी ये सूचना जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि सेमरा-बगहा मुख्य मार्ग से भारी मात्रा में शराब की खेप गुजरने वाली है. सूचना के आधार पर क्यूआरटी के एसआई शौकत अली और एलटीएफ के एसआई एस.के. मांझी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर निगरानी कर रहे थे. इसी दौरान रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति दो बड़े झोले के साथ आता दिखाई दिया. पुलिस को देखते ही वह भागने लगा. संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया. भागते समय तस्कर रेलवे लाइन की ओर भागा और पुलिस पर पत्थर फेंकने लगा. पीछा कर रहे सिपाही मिथिलेश कुमार ने साहस दिखाते हुए उसे पकड़ लिया. इस दौरान तस्कर ने सिपाही पर पत्थर से हमला किया और दांत से काटकर घायल कर दिया. घायल सिपाही और तस्कर को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा ले जाया गया, जहां डॉ. अभिषेक कुमार ने उनका प्राथमिक उपचार किया. थानाध्यक्ष ने क्या बताया? पटखौली थानाध्यक्ष उत्पल कांत ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान नरईपुर चीनी मिल निवासी शमीम अहमद के रूप में हुई है. वह पहले भी शराब तस्करी के कई मामलों में जेल जा चुका है. पूछताछ के बाद उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# पूर्णिया और किशनगंज में सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, हाई अलर्ट जारी




**पटना (एजेंसी)** बिहार में एक बार फिर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. पूर्णिया और किशनगंज में ई-मेल के जरिए सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलते ही कोर्ट के आस-पास हाई अलर्ट जारी कर दिया गया. साथ ही पूरे कोर्ट परिसर की तलाशी भी ली गई. बिहार के पूर्णिया और किशनगंज में सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई. पूर्णिया जिले की बात करें तो, यहां ई-मेल के जरिए धमकी दी गई. इसकी सूचना पर सदर एसडीपीओ-1 ज्योति शंकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस टीम कोर्ट पहुंची. जल्दबाजी में कोर्ट परिसर को खाली कराया गया. कचहरी परिसर के दुकानों को कराया बंद जानकारी के मुताबिक, कचहरी रोड पर यातायात बंद करा दिया गया. पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम ने सिविल कोर्ट पहुंचकर कमरों की जांच की. इसके साथ ही कचहरी परिसर के सभी दुकानों को भी बंद करा दिया गया. इससे पहले 13 फरवरी को भी पूर्णिया सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी. किशनगंज सिविल कोर्ट को भी धमकी दूसरी तरफ किशनगंज सिविल कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है. यहां भी ई-मेल के जरिए कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. इससे पहले भी दो बार किशनगंज सिविल कोर्ट को धमकी मिली थी, जिसके बाद कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया था. आज बम की धमकी मिलने के बाद कोर्ट परिसर में मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और हर आने जाने वालों की सघन तलाशी ली जा रही है. पूरे कोर्ट परिसर की सुरक्षा को बढ़ा दी गई है. मुख्यालय डीएसपी अशोक कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी कोर्ट पहुंच कर जांच में जुट गए हैं. मामले में मुख्यालय डीएसपी ने क्या बताया? मुख्यालय डीएसपी ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है. उन्होंने कहा कि फिलहाल सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होगा. धमकी किसने और क्यों दी इस सवाल के जवाब में मुख्यालय डीएसपी ने कहा कि वरीय अधिकारी इस मामले में जानकारी देंगे.

## लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने FIR रद्द करने की अपील खारिज की



**पटना (एजेंसी)** बिहार के चर्चित लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यावद को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है. कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपने और परिवार के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द करने की मांग की थी. इस फैसले के बाद अब मामले की सुनवाई निचली अदालत में जारी रहेगी. लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव की उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपने और अपने परिवार के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द करने की गुहार लगाई थी. अदालत के इस फैसले के बाद अब लालू परिवार पर कानूनी शिकंजा और कसता नजर आ रहा है. कोर्ट ने इस झटके के बीच लालू यादव को एक छोटी सी राहत भी दी है. क्रिमिनल एंटरप्राइज की तरह हुआ काम? जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि इस मामले में त्रक्क्ष को रद्द नहीं किया जा सकता. फैसला ऐसे समय में आया है जब दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहले ही लालू यादव समेत 41 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर चुकी है. कोर्ट के इस फैसले से साफ है कि अब लालू यादव और अन्य आरोपियों को ट्रायल फेस करना होगा. निचली अदालत ने अपनी टिप्पणी में यहां तक कहा था कि इस पूरे घोटाले को एक क्रिमिनल एंटरप्राइज की तरह अंजाम दिया गया. अदालत में पेशी से मिली छूट भले ही FIR रद्द करने की मुख्य मांग ठुकरा दी गई हो, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव की सेहत और उम्र का ख्याल रखते हुए उन्हें एक विशेष रियायत दी है. बेंच ने आदेश दिया है कि सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद यादव को निचली अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने की आवश्यकता नहीं होगी. उनके वकील कोर्ट में उनका पक्ष रख सकेंगे.उन्हें बार-बार कोर्ट के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल गई है, लेकिन केस की मेरिट पर उन्हें अब भी अपनी बेगुनाही साबित करनी होगी. क्या है लैंड फॉर जॉब घोटाला? यह मामला उस समय का है जब लालू प्रसाद यादव केंद्र में रेल मंत्री थे. आरोप है कि रेलवे में ग्रुप-डी के पदों पर नियुक्तियों के बदले उम्मीदवारों और उनके परिवारों से बेहद कम कीमतों पर जमीनें लिखवाई गईं. सीबीआई (CBI) का दावा है कि ये जमीनें लालू यादव के परिवार के सदस्यों और उनके स्वामित्व वाली कंपनी के नाम पर ट्रांसफर की गई थीं. अब जब सुप्रीम कोर्ट ने जांच को हरी झंडी दे दी है, तो आने वाले दिनों में बिहार की सियासत में इस मुद्दे पर गरमागरम बहस और तेज होने की उम्मीद है.

## किऊल-मालदा मेमू स्पेशल आज से शुरू, भागलपुर समेत इन 8 स्टेशनों में स्टॉपेज

**पटना (एजेंसी)** गर्मी के मौसम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा शुरू की है. 13 अप्रैल से किऊल और मालदा टाउन के बीच पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है. यह ट्रेन 30 अप्रैल तक रोजाना चलेगी और कुल 18 ट्रिप लगाएगी, जिससे बिहार और झारखंड के हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी. गर्मी की छुट्टियों का आगाज होते ही अगर आप भी ट्रेन में कंफर्म टिकट के लिए मारामारी कर रहे हैं, तो रेलवे ने आपके लिए खुशियों का सिग्नल दे दिया है. यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे ने आज यानी 13 अप्रैल से किऊल और मालदा टाउन के बीच ह्यमेमू पैसेंजर स्पेशलह्न ट्रेन चलाने का बड़ा फैसला किया है. यह ट्रेन 30 अप्रैल तक हर रोज पटरी पर दौड़ेगी और कुल 18 ट्रिप लगाएगी. सबसे खास बात यह है कि इस ट्रेन के चलने से भागलपुर और जमालपुर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों के यात्रियों को अब वेटिंग लिस्ट से छुटकारा मिल जाएगा. इन 8 स्टेशनों पर होगा ठहराव रेलवे ने इस समर स्पेशल ट्रेन का रूट इस तरह तैयार किया है कि बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों के यात्रियों को सीधा फायदा मिले. किऊल-मालदा मेमू स्पेशल ट्रेन (03204/03203) अपने सफर के दौरान न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर रुकेगी. स्कूलों की छुट्टियां शुरू होते ही हिल स्टेशनों और रिश्तेदारों के घर जाने वाले परिवारों के लिए यह ट्रेन किसी वरदान से कम नहीं है. टाइम टेबल नोट कर लें सफर की योजना बनाने से पहले समय का ध्यान रखना जरूरी है. ट्रेन संख्या 03204



किऊल से रोजाना सुबह 6:10 बजे खुलेगी और दोपहर 3:00 बजे मालदा टाउन पहुंच जाएगी.वापसी में ट्रेन संख्या 03203 मालदा टाउन से शाम 4:00 बजे रवाना होकर रात 1:00 बजे किऊल पहुंचेगी. मेमू रैक होने के कारण इसमें सफर करना आरामदायक और किफायती भी होगा. इसके अलावा रेलवे ने कोलकाता-भुवनेश्वर और आसनसोल-पटना जैसे रूटों पर भी समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है. टिकट बुकिंग पर बड़ी राहत पूर्व रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, इन विशेष ट्रेनों के संचालन से नियमित ट्रेनों जैसे विक्रमशिला या इंटरसिटी एक्सप्रेस पर दबाव काफी कम हो जाएगा. रेलवे ने स्पष्ट किया है कि इन ट्रेनों के लिए टिकट बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है.

# गयाजी में अवैध बालू पकड़ने गई पुलिस पर पथराव, बेकाबू भीड़ को खदेड़ने के लिए हुआ लाठीचार्ज



**पटना (एजेंसी)** बिहार के गया जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान बड़ा बवाल हो गया. सिंधुगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर अचानक भीड़ ने हमला कर दिया और पथराव शुरू कर दिया. हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा. बिहार के गयाजी में सोमवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया. सिंधुगढ़ थाना क्षेत्र के कर्मा रोड पर हुई इस हिंसक झड़प में पुलिस और भीड़ के बीच जमकर टकराव हुआ. माफियाओं के इशारे पर उग्र हुई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों को निशाना बनाते हुए पथराव शुरू कर दिया, जिसके जवाब में पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए लाठीचार्ज करना पड़ा. माफियाओं ने पुलिस को घेरा घटना की शुरूआत तब हुई जब पुलिस को कर्मा रोड पर अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों के गुजरने की गुप्त सूचना मिली. जैसे ही टीम ने मौके पर पहुंचकर एक बालू लदे ट्रैक्टर को रोका, चालक ने चालकी दिखाते हुए सड़क पर ही बालू अनलोड कर दिया. इसके तुरंत बाद स्थानीय लोगों और माफिया के गुर्गों ने पुलिस को घेर लिया. भीड़ का तर्क था कि जब ट्रैक्टर खाली है, तो पुलिस उसे जब्त क्यों कर रही है. यह बहस चंद मिनटों में खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई और चारों तरफ से ईंट-पत्थर बरसने लगे. टूटे गाड़ियों के शीशे अचानक हुए इस हमले में एक पुलिस वाहन का शीशा चकनाचूर हो गया और पुलिसकर्मियों को जान बचाकर पीछे हटना पड़ा. स्थिति को हाथ से निकलता देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और लाठीचार्ज शुरू किया. लाठियां चटकते ही उपद्रवी गलियों में दुबक गए. इस कार्रवाई के बाद मौके पर भारी तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस टीम पर पत्थरबाजी करते लोग साफ नजर आ रहे हैं. दो उपद्रवी हिरासत में सिंधुगढ़ थाना अध्यक्ष निलेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस अब उन चेहरों की पहचान कर रही है जिन्होंने भीड़ को पुलिस पर हमले के लिए उकसाया था. गया के इस इलाके में अवैध बालू खनन एक बड़ी समस्या बनी हुई है और पुलिस की इस सख्त कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि खाकी पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है.



# साड़ी की है बात निराली

छह गज का बिना सिला कपड़ा बुनकरों और डिजाइनरों के लिए एक कैनवास की तरह होता है। साड़ी केवल एक परिधान नहीं है, बल्कि यह एक पूरा ताना-बाना है। यानी एक ऐसा धागा जो अनेक सपनों का साक्षी है। जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। सदियों से अपने रूप, डिजाइन और कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध साड़ी के स्वरूप में भी आज के समय में परिवर्तन आ गया है। बदलती जीवनशैली और आधुनिकता ने अन्य चीजों की तरह इसके स्वरूप पर भी असर डाला है। भारी-भरकम कांजीवरम और बनारसी की जगह हल्की डिजाइनर साड़ियों ने ले ली है। पहले हर समारोह में जहां जरी के काम वाली भारी साड़ी पहनना अनिवार्य ही नहीं शुभ भी माना जाता था, वहीं आज दादी-नानी की उस धरोहर ने अपनी जगह अलग एक संदूक में बना ली है तो दूसरी ओर सिंथेटिक साड़ियां अलमारियों में पहुंच गई हैं। यहां तक कि कल की महिलाएं जो अपनी कांजीवरम की साड़ियों में अपनी खूबसूरती को निहारती थी, अब वे भी सिक्केस वर्क की जार्जेट, शिफॉन साड़ी पहनने लगी हैं। एक जमाना था जब हर स्त्री के पास कांजीवरम्, बनारसी, जामावार और पैठनी की साड़ियां अवश्य हुआ करती थीं। आज ब्लाउज के फैशन में जो बदलाव आया है, उसने साड़ी को वेस्टर्न टच में बदलने को उकसाया है। सबसे ज्यादा बदलाव कढ़ाई व डिजाइन में आया है। पहले भारी कढ़ाई की साड़ियों पर ज्यादातर जरी का काम किया जाता था पर अब जरी की जगह सिक्केस, क्रिस्टल व बीड्स ने ले ली है। यही वजह है कि आज साड़ियां पांच सौ से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक में उपलब्ध हैं।

## कांफिडेंस और लुक

आप जब घर से निकलती हैं, तो क्या अपने लुक को लेकर काफी कांसस रहती हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने ड्रेसकोड में थोड़ा सा परिवर्तन कर अपने दोस्तों में कांफिडेंस के साथ इंज्वाय कर सकती हैं। आप अपने ड्रेस डिजाइन को परिवर्तित कर अपने को आकर्षक और ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके लिए आपको वेस्टन ड्रेस का भी सहारा लेने की कोई जरूरत नहीं है, आप भारतीय ड्रेस से ही अपने को आकर्षक बना सकती हैं। इसके लिए आप इंडियन आर्ट, अच्छे कट्स और फिटिंग वाले कपड़े का सहारा ले सकती हैं। इसके अलावा आप ब्राइट फ्रेश टोन अजमा सकती हैं। इसके साथ ही आप अपने कपड़ों को नये लुक के अलावा इनके रंगों पर भी ध्यान दें, जिनमें आप ब्लैक, ग्रे, व्हाइट के साथ थोड़ा-सा सिल्वर कलर का यूज करें तो बेहतर होगा। ये कभी फैशन सर्किट से बाहर नहीं होते। यदि आप डेनिम जींस पहनने की शौकीन हैं, तो इसे नीचे से थोड़ा मोड़ दें। साथ में ऐसे जूते पहनें, जो सभी तरह के मौसम के लिए उपयुक्त हों।





# प्रैग्नेंसी में रखें खुद का ख्याल

**प्रैग्नेंसी में नन्हें मेहमान के आने की जितनी ज्यादा खुशी होती हैं, उससे भी ज्यादा इस बात का फिक्र सताता है कि आने वाला बच्चा हैल्दी हो। इस लिए मां का खास ख्याल रखा जाता है क्योंकि उसी से बच्चे को पूरा पोषण मिलता है।**

अगर मां में ही पोषक तत्वों की कमी होगी तो भविष्य में इसका असर बच्चे पर भी पड़ेगा। कैल्शियम, आयरन, विटामिन, खनिज पदार्थ, फाइबर, पोटाशियम आदि से भरपूर आहारों का सेवन गर्भावस्था में बहुत जरूरी है। इसी से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास होगा और बीमारियों से भी उसका बचाव रहेगा। शरीर में इस समय हॉर्मोंस का परिवर्तन होने से मां का मूड बदलना स्वभाविक है। इससे उसे बहुत सी परेशानियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी का समय एंज्वाय करने के लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## ऐसे करें स्किन केयर

गर्भावस्था में पेट और स्तन का आकार बढ़ने से स्किन पर खिंचाव के निशान पड़ जाते हैं। जिससे स्किन पर धारियां और गहरे भूरे रंग की लकीरे पड़ने का डर रहता है। इसके लिए अपनी मर्जी से दवाइयों खाने की गलती न करें। खास तरीकों से ही अपनी स्किन की केयर करें।

- प्रेग्नेंसी में त्वचा खुष्क होने लगती है इसलिए नहाने से पहले सरसो या फिर जैतून के तेल से शरीर की मसाज करें। मसाज हमेशा हल्के हाथों से करें। इससे त्वचा में नमी बरकरार रहेगी और त्वचा पर पड़े दाग-धब्बे भी दूर हो जाएंगे।
- पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना बहुत जरूरी है। इससे स्किन और सेहत दोनों अच्छी रहेंगी
- स्ट्रेच मॉस्क पर दवाइयां लगाने की बजाए नारियल का तेल लगाएं। इससे किसी तरह की एलर्जी भी नहीं होगी और दाग के निशान भी गायब हो जाएंगे।

## कपड़े पहने स्टाइलिश

गर्भावस्था के समय मां जितना खुश रहेगी बच्चा भी उतना ही हैल्दी रहेगा। गर्भवती महिला का स्मार्ट बनकर रहना बहुत जरूरी होता है। ड्रैसिंग स्टाइल भी आपकी खुशी को व्यक्त करने का काम करता है। इस समय टाइट कपड़े पहनने से परहेज करें। इससे बच्चे की ग्रोथ होने में आसानी होगी।

- स्टाइलिश मैक्सी ड्रैस पहनने में आरामदायक होती हैं।
- डार्क रंग के कपड़ें इस समय मन को खुशी देते हैं।
- फ्लोरल या फिर कॉर्टून प्रिंट के आउटफिट्स बहुत अच्छे लगते हैं।

## सेहत के रखें ख्याल

संतुलित आहार खाना इस समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। फल, सब्जियां, दूध, सूप आदि समय-समय खाना बहुत जरूरी है। एक बार खाने की बजाए 2-3 घंटे में कुछ न कुछ खाना चाहिए।

- रोटी,ब्रेड,चावल,साबुत अनाज को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इन चीजों से आपको प्रोटीन मिलता है। इस समय प्रोटीन का सेवन बहुत जरूरी होता है।
- दूध,पनीर,अंडे,छाछ को भी आहार में शामिल करें। दूध से एलर्जी है तो छोले, राजमा, जई, बादाम, सोया दूध और सोयाबीन पनीर का भी खा सकते हैं।
- फलों का जूस पीने से साथ-साथ फल चबाकर खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। यह शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रख सकते हैं।

**लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़कियां भी कोई कम नहीं हैं। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे हैं और वे खुद से बेटर पोजिशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती हैं। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।**



# लड़का चाहिए खुद से सुपीरियर

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती है। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक, इस कन्फ्यूजन के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते हैं। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फाइनैंशियल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहतीं, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर कैरियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने कैरियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं। इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, 'दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।' गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं, जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुईं, जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े-लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं, वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप, यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है, तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

## सोच का रहता है असर

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग-अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं, वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह कहती हैं। 'मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल, मेरे पति को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।' वैसे, बैंक प्रोफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है, 'जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी, तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।' इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रोफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं, 'हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है, जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।' गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। बकौल गौरव, 'मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता, सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है, क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा।' उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं।



# ....अब तो बदल जाओ

कालांतर से वर्तमान तक मानों आरोप-प्रत्यारोप ही इसकी जीवनी हो। सबने इसके आचरण पर दाग लगाए, यहां तो एक सामान्य स्त्री क्या सीता को भी नहीं बख्शा गया। वाह रे दुनिया! इसकी नियति में क्या है, यह एक प्रश्न ही रहेगा? इसने सबको इज्जत दिया, सम्मान दिया और बदले में इसे मिला क्या सिर्फ और सिर्फ बदनामी, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या। आखिर ऐसा इसी के साथ ही क्यों? अपवाद को छोड़ दिया जाए, तो असल जिंदगी में लोग बेस्ट हाफ बनाना तो चाहते हैं पर बनना नहीं चाहते। चाहे लव मैरिज हो या अरेंज मैरिज। अरेंज मैरिज में लड़की अपने ससुराल वालों की शर्तों पर जिंदगी गुजारती होती है। बहू पढ़ी-लिखी और नौकरी वाली चाहिए, पर जिंदगी वह जीए ससुराल वालों के मुताबिक।





# काम को आसान बना देंगे ये स्मार्ट ट्रिक्स

**हाउस वाइफ ही नहीं बल्कि वर्किंग वुमन्स का भी किचन के साथ गहरा रिश्ता होता है। वैसे तो गृहणीयां खाना बनाने से लेकर किचन में हर में माहिर होती है लेकिन इसके बावजूद भी कई बार उन्हें काम करते समय कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण काम में देरी हो जाती है। किचन से जुड़ी छोटी-मोटी बातों के बारे में हर औरत को पता होना चाहिए, ताकि वो अपने काम को और भी आसान बना सके। आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स बताने जा रहें है, जिनकी मदद से आप अपने काम को और भी आसान बना सकते है। ये शानदार किचन ट्रिक्स आपका काम आसान करने के साथ-साथ खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा।**

- बादाम या टमाटर छिलने के लिए पहले उन्हें 5-10 मिनट तक पानी में उबाले। इससे इनके छिलके आसानी से निकल जाएंगे।
- प्याज को काटने और लहसुन को छिलने से पहले उसे 10 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इससे प्याज काटते समय आंसू नहीं आएंगे और लहसुन के छिलके भी आराम से उतर जाएंगे।
- सूखे मेवे या ड्राईफ्रूट्स को काटने से पहले 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इससे यह सॉफ्ट हो जाएंगे और आप इन्हें आसानी से काट सकेंगी।
- मशरूम को कभी भी पानी से न धाएं। क्योंकि यह पानी को सोख लेते है और कपाते समय पानी छोड़ देते है, जिससे सब्जी का टेस्ट खराब हो जाता है। इसकी बजाए आप मशरूम को गीले कपड़े से साफ करें।
- अगर आप पनीर बना रही है तो उसमें थोड़ा-सा ऑयल लगा दें। इससे यह बर्तन के साथ चिपकेंगे नहीं।
- शहद की शुद्धता पता लगाने के लिए उसकी कुछ बूंदें कांच की बोतल या गिलास में डालें। अगर शहद तले पर बैठ जाए तो शुद्ध है और अगर वो पानी में मिक्स हो जाए तो मिलावटी है।
- अगर आप बिरयानी या कोई ग्रेवी वाली डिश बना रही है तो उसमें दही डालने से पहले अच्छी तरह फेंट लें। इससे खाने का स्वाद बढ़ जाएगा। इसके अलावा सब्जियां उबालने के बाद इसके पानी को दाल बनाने में इस्तेमाल करें। इससे दाल का स्वाद दोगुना हो जाएगा।
- चावल पकाने से पहले उससे अच्छी तरह से धो लें। इससे चावल में मौजूद स्टार्च निकाल जाएगा और चावल पकने के बाद चिपचिपा नहीं होगा। इसके अलावा चावल की खीर बनाते समय बर्तन में पहले थोड़ा-सा पानी डाल दें। इससे दूध बर्तन के तले पर नहीं चिपकेगा।
- फलों को काटने के बाद उसके उपर अच्छी तरह से नींबू छिड़ककर फ्रिज में स्टोर करें। इससे फल पूरा दिन ताजे रहेंगे और इनका रंग भी खराब नहीं होगा।

# अगर आप भी अभी नया-नया रिश्ता बना रहे है...

जब कोई लड़का या लड़की नए-नए रिलेशन में पड़ते है तो वह हर वक्त एक-दूसरे से बातें करने का बहाना ढूंढते रहते है। हर वक्त मैसेज के जरिए एक-दूसरे से बातें करने लगते है लेकिन नए रिश्ते में लड़की को अधिक मैसेज करने से आपका बना हुआ रिश्ता टूट भी सकता है क्योंकि कोई भी लड़की शुरूआत में अपनी लाइफ में किसी दूसरे की दखलअंदाजी पसंद नहीं करती। इसलिए ऐसे में लड़कों को थोड़ा सावधानी बरत कर लड़की को मैसेज करने चाहिए।

## अधिक मैसेज न करें

पहली डेट के बाद लड़की के साथ बातचीत बढ़ाना अच्छी बात है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसके बार-बार मैसेज करके टंग करते रहे। अधिक मैसेज करने से भी रिश्ता जुड़ने से पहले ही टूट सकता है। इसलिए मैसेज करने पहले इस बात का खास ध्यान रखें।

## देर रात मैसेज न करें

दिन के समय मैसेज करके थोड़ी-बहुत बात करना तो ठीक है लेकिन देर रात तक लड़की को कभी मैसेज न करें। इससे लड़की नाराज भी हो सकती है और आपसे दूरिया भी बना सकती है।

## शराब पीने के बाद

नया रिश्ता जोड़ रहे है तो कोई भी गलती करने से पहले दस बार जरूर सोचें। इसके अलावा अगर आप ड्रिंक भी करते है तो शराब पीने के बाद लड़की को कभी मैसेज न करें क्योंकि ड्रिंक करने के बाद कोई भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाता और कोई न कोई गलती कर बैठता है।

## क्रोधित होने भी न करें मैसेज

कहते है कि गुस्सा बहुत बुरी चीज है। गुस्सा आने पर इंसान कोई होश नहीं रहता है कि वह किसे क्या बोल रहा है। इसलिए बेहतर होगा कि जब आप गुस्से में हो तो किसी लड़की को मैसेज न करें। क्योंकि उस वक्त आपको खुद नहीं पता होता है कि आप क्या बोल रहे है।

## मैसेज में सवाल-जवाब कम करें

पहली डेट के साथ अगर लड़की के साथ मैसेज पर बात कर भी रहे है तो उसके साथ ज्यादा सवाल न करें क्योंकि इससे उसे गुस्सा भी आ सकता है और वह आपसे चिड़ भी सकती है।



# केकेआर के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। सीएसके की टीम ने संजू सैमसन के शतक से पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। अब उसका लक्ष्य इस मैच में भी जीत के सिलसिले को बनाये रखना होगा। सीएसके की ओर से पिछले मैच में जेमी ओवरटन ने भी चार विकेट लेकर काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। जिसे वह इस मैच में भी बनाये रखना चाहेंगे। इसके अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने भी पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने अपनी उछाल भरी गेंदों से विरोधी टीम के बल्लेबाजों को हैरान कर दिया था। वहीं स्पिनर अकील हुसैन ने भी पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी।

बल्लेबाजी में सीएसके के पास सैमसन के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी हैं।युवा डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने का भी लाभ मिलेगा।

वहीं दूसरी ओर केकेआर इस सत्र में अब तक एक भी मैच नहीं जीती है और ऐसे में उसपर इस मैच में किसी प्रकार से जीत हासिल करने का दबाव रहेगा। पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी थी। ऐसे में अजिंक्य रहाणे इस मैच में किस रणनीति से उतरते हैं ये देखना होगा। केकेआर की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो ही इस सत्र में अच्छी नहीं रही है।

कैमरन ग्रीन के गेंदबाजी शुरु करने से हालांकि उसकी उम्मीदें जगी हैं। रिंकू सिंह भी अब तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं और उनका इरादा अब अपने को साबित करना रहेगा। रहाणे ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है पर उन्हें अंत तक टिके रहना होगा। युवा अंगकृष रघुवंशी और रोवमैन पॉवेल भी फार्म में आ गये हैं जो टीम के लिए सकारात्मक संकेत हैं।. केकेआर को अगर सीएसके को उसके घरेलू मैदान पर हराना है तो उसके गेंदबाजों को भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा। आंकड़ों पर नजर डातें तो अबतक दोनो के बीच 32 मैच हुए हैं जिसमें सीएसके ने 20 मैच जीते हैं, जबकि केकेआर ने 11 मैचों में जीत हासिल की है जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला है।

पिच की बात करें तो शुरुआत में बल्लेबाजों को लाभ होता है पर मैच आगे बढ़ने




**टीम इस प्रकार है**

**चेन्नई सुपर किंग्स-** संजू सैमसन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, आयुष म्हात्रे, सरफराज खान, शिवम दुबे, जेमी ओवरटन, अकील हुसैन, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, गुरजनप्रीत सिंह

इम्पैक्ट प्लेयरः कार्तिक शर्मा/मैथ्यू शॉर्ट

**कोलकाता नाइट राइडर्स-** फिन एलन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, रोवमैन पॉवेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, ब्लेसिंग मुजरबानी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती

इम्पैक्ट प्लेयरः नवदीप सैनी

# रॉयल्स के मैनेजर रोमी पर कार्रवाई कर सकता है बीसीसीआई



**मुम्बई (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के टीम मैनेजर रोमी भिंडर की मुश्किलें बढ़ सकती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल 2026 मैच के दौरान टीम के डगआउट में मोबाइल फोन का उपयोग करना उन्हें भारी पड़ सकता है। इसको लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी उनपर कार्रवाई कर सकता है। गुवाहाटी में हुए इस मैच में रोमी टीम के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के पास बैठकर मोबाइल चला रहे थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने भी माना है कि टीम मैनेजर ने नियमों का उल्लंघन किया है।

इस अधिकारी ने कहा, जी हां रोमी ने वास्तव में खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के लिए बने प्रोटोकॉल को तोड़ा है क्योंकि मैच के दौरान डगआउट में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक है। आईपीएल के अनुसार, टीम मैनेजर ड्रेसिंग रूम में फोन का उपयोग कर सकता है पर डगआउट में नहीं। रोमी फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही इससे जुड़े हुए हैं और जानकारों का मानना ??है कि उन्हें भ्रष्टाचार रोधी प्रोटोकॉल के बारे में अच्छी तरह से पता होना चाहिए। अब देखना होगा कि उनपर क्या कार्रवाई होती है।

इस अधिकारी ने कहा, यह अनजाने में भी हो सकता है पर इस पर कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि यह नियमों का उल्लंघन है। चेतावनी दी जाएगी या प्रतिबंध लगाया जाएगा, इसका फैसला मैच रेफरी और भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) की रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। आईपीएल की संचालन परिषद इस आधार पर फैसला ले सकती है। रोमी को और भी गहन जांच का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सूर्यवंशी ने मैच के बाद उन्हें अपना स्थानीय संरक्षक बताया था।

# आईपीएल अंकतालिका में तीसरे नंबर पर पहुंची आरसीबी, रॉयल्स शीर्ष पर बरकरार

**मुम्बई (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में जीत के साथ ही आईपीएल 2026 की अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है। इस मैच के साथ ही इस सत्र में आरसीबी ने लगातार अपना तीसरा मैच जीता। अंकतालिका में अभी पहले स्थान पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है। रॉयल्स ने अब तक अपने सभी चारों मैच जीतकर 8 अंक हासिल किए हैं। वहीं, पंजाब किंग्स ने 4 में से 3 मैच जीत कर 7 अंक के साथ ही दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि आरसीबी 4 में तीन मैच जीतकर 6 अंक के साथ ही तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जांयट्स 4-4 अंक लेकर आगे के स्थानों पर हैं। सनराइज हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपरकिंग्स ने अभी तक 4-4 मैच में से केवल 1-1 मैच ही जीता है। इन तीनों टीमों के अंक 2 हैं। अंतिम स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है (केकेआर) है। केकेआर ने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है।

अंक तालिका में चौथे पायदान पर दिल्ली कैपिटल्स है। उसने चार मैचों में से दो मैच जीत चुकी है और उसके खाते में 4 अंक हैं। सूची में पांचवें पायदान पर गुजरात टाइटन्स है, जो चार में से दो मैच जीती और दो मैच हारी है। छठे पायदान पर बरकरार लखनऊ सुपर जायंट्स ने चार में से दो मैच जीते हैं। चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर कायम टीमों ने कम से कम दो मैच जीते हैं और इतने ही मैच ये हारी हैं।सातवें से 10वें नंबर तक की टीमों ने एक से ज्यादा मुकाबला नहीं जीता है। सातवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद है। वह चार में से तीन मैच हारी है और एक मैच जीती है। आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके )की हालत भी यही है। वह भी तीन मैच हारने के बाद चौथा मैच जीती है। सीएसके नौवें नंबर पर है। सबसे अंतिम स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है जो एक भी मैच नहीं जीती है। तीन मैच हारे हैं और एक मैच बेनतीजा रहा है। इस तरह केकेआर को केवल एक ही अंक मिला है।

# इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाया जाना चाहिये : पोलार्ड

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम शुरुआत से ही विवादों में रहा है। साल 2023 से लागू होने के बाद से ही कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि इससे ऑलराउंडरों को ही नुकसान हो रहा है। ऐसे में इस नियम को हटा दिया जाना चाहिये। वहीं अब मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने भी कहा है कि इम्पैक्ट प्लेयर का विकल्प ऑलराउंडरों की भूमिका को सीमित कर रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। पोलार्ड लंबे समय से आईपीएल का हिस्सा हैं। वह 2010 से अलग-अलग भूमिकाओं में आईपीएल से जुड़े रहे हैं और टीम में ऑलराउडर के तौर पर भी शामिल रहे हैं।

पोलार्ड ने कहा, मैं इस नियम को पसंद नहीं करता हूं पर इसे हटाना मेरे हाथ में नहीं है। इससे केवल ये हो रहा है कि इसने टी20 क्रिकेट में बड़े स्कोर बन रहे हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी इसके पड़ने वाले असर पर अभी तक मैंने धयान नहीं दिया है। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होने से केवल तब ही लाभ हो रहा है जब कोई टीम लीग गेम में कुछ विकेट गंवा देती है तो भी उसके पास अधिक रन बनाने का अवसर रहता है। उन्होंने जो लोग इस प्रकार के नियम बना रहे हैं उन्हें यह देखना चाहिये कि क्या यह वास्तव में खेल के लिए अच्छा है, टेलीविज़न के लिए अच्छा है, या सिर्फ़ लोगों के लिए फ़ायदेमंद है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, कुछ ऐसे कौशल सेट होत हैं जिनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रयोग नहीं हो रहा है। ऐसें में मेरा मानना है कि उनको इसकी समीक्षा करनी चाहिये। अगर ऐसा नहीं होता हो ये इसी प्रकार जारी रहेगा।

गौरतलब है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित कई खिलाड़ियों ने अलग-अलग मौकों पर इस नियम की आलोचना की है। अक्षर पटेल ने सीजन शुरू होने से पहले कहा, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं एक ऑल-राउंडर हूं। पहले, आप बैटिंग और बॉलिंग के लिए एक ऑलराउंडर चुनते थे। इस नियम की वजह से, टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को रखती है, यह सोचकर कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है?शुभमन गिल भी इसके विरोध में हैं। उनका कना है कि कोई इम्पैक्ट प्लेयर नहीं होना चाहिए। आम तौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का गेम है। एक अतिरिक्त बल्लेबाज जोड़ने से, मुझे लगता है कि गेम से कौशल समाप्त हो जाता है। उस एक खिलाड़ी से गेम को और भी वन-डाइमेंशनल बना रहा है। गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने हाल ही में कहा, ÷मुश्किल विकेट पर 180 या 160 रन का पीछा करना मेरे लिए सपाट ट्रैक पर 220 रन का पीछा करने से ज़्यादा रोमांचक है।÷ इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 से लागू है।



# फॉर्मूला वन की 2027 में भारत में वापसी होगी, खेल मंत्री ने कर दिया बड़ा ऐलान



नई दिल्ली । खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी। मांडविया ने यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा, 'भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।' भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था।

# रोहित मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने



मुम्बई । मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच में अपनी 19 रनों की पारी के दौरान ही एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ ही वह आईपीएल में 6000 रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के पहले बल्लेबाज बने हैं। रोहित ने जैसे ही आरसीबी के खिलाफ अपने 6 रन पूरे किये। उसी के साथ ही उनके 6000 रन परे हो गये। रोहित ने जैकब डफी की गेंद पर छक्का लगाकर ये आंकड़ा हासिल किया। रोहित साल 2011 मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। उसके बाद से ही वह इस टीम से खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं सूर्यकुमार सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार ने 116 मैचों में 3776 रन बनाए हैं। उनके बाद कीरोन पोलार्ड ने 2010 से 2022 तक मुंबई इंडियंस की ओर से 189 आईपीएल मैचों में 3412 रन बनाए हैं। वहीं आईपीएल में एक ही टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित से आगे विराट कोहली हैं। कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम के लिए 271 आईपीएल मैचों में कुल 8840 रन बनाए हैं।

# महिला टी20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा, पिछली बार की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने सोमवार को आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से 05 जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित पिछले सत्र की कुल पुरस्कार राशि 7,958,077 डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपए) थी, जो अब बढ़कर 8,764,615 डॉलर (लगभग 82 करोड़ रुपये) हो गई है। विजेता टीम को 23,40,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपए) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को 11,70,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) प्राप्त होंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6,75,000 डॉलर (लगभग 6.29 करोड़ रुपए) मिलेंगे, जबकि प्रत्येक ग्रुप मैच जीतने पर टीमों को 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने यहां विज्ञप्ति में कहा, 'सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपए) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा।' टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एडजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी। इस विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, आयरलैंड, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। 33 मैचों का यह टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा। इस बीच, टी20 विश्व कप ट्रॉफी मेजबान शहरों का दौरा करेगी और लंदन में इसका समापन होगा। स्कॉटलैंड में सात से 10 मई तक इसका पहला पड़ाव होगा। ICC के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, 'महिला क्रिकेट का विकास लगातार तेज हो रहा है। ICC महिला टी20 विश्व कप का 12 टीमों तक विस्तार और रिकॉर्ड पुरस्कार राशि, एक मजबूत और अधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'



# आईपीएल2026 : प्रसिद्ध कृष्णा का लखनऊ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर कब्जा

**लखनऊ (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटक कर पर्पल कैप पर कब्जा जमा लिया है।

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में रविवार को खेले गए इस मुकाबले में प्रसिद्ध कृष्णा चार विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में चार मैचों में कुल 10 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस दौरान प्रसिद्ध ने 28/4 के आंकड़े के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है जबकि उकना इकोनॉमी रेट 9.50 रहा है।

इस सूची में दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स (RR) के रवि बिश्नोई (9 विकेट) तथा चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज अंशुल कंबोज (8 विकेट) तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव और रॉयल चैलेंजसै बेंगलुरु के जैकब डफी हैं, जिनके नाम 6-6 विकेट है।



**LSG vs RCB**

मैच की बात करें तो तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से शिकस्त दी। स्त्त को 8 विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (चार ओवर में 32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए। सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए और स्त्त 164 रन ही बना पाई।

# नेमार हर मैच के साथ ही बेहतर हो रहे : मैनेजर कुका

रियो डी जेनेरो । स्टार फुटबॉलर नेमार आगामी विश्वकप को देखते हुए ब्राजील की टीम में जगह पाने के प्रयासों में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में नेमार सैंटोस और एटलेटिको मिनेरो के बीच हुए मैच के दौरान पूरे समय मैदान में बने रहे। इस मैच से वापसी करते हुए नेमार को पूरे समय खेलते देकर प्रशंसक भी उत्साहित दिखे। वहीं टीम के मैनेजर कुका ने भी नेमार के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह इसी प्रकार खेलते रहे तो जून में होने वाले विश्वकप में ब्राजील की टीम में उनकी जगह पक्की हो सकती है। कुका ने कहा, नेमार हर मैच के साथ ही बेहतर हो रहा है, उसे टीम में वापसी के लिए मेहनत करते रहना होगा। उसका खेल लगातर निखर रहा है। ।, कुका ने कहा कि वह मंगलवार को रेकोलेटा के साथ सैंटोस के खिलाफ होने वाले घरेलू कोपा अमेरिका मैच में भी खे सकता है। उन्होंने कहा, उसके लिए पूरे 90 मिनट खेलना जोखिम भरा है। हमें उसे खेल का आनंद लेते हुए लय हासिल करते देखना अच्छा लग रहा है। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील की ओर से सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी पर अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टूटने के बाद से ही वह ब्राजील से नहीं खेल पाये हैं। इसके बाद से ही वह लगातार फिटसेस से जुड़ी परेशानियां झेल रहे हैं। पिछले साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब में लौटने के बाद से वह सैंटोस के लिए 35 मेच से लगातार उतर रहे हैं। ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के विश्व कप के लिए टीम की घोषणा से पहले उनके पास सैंटोस के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए 10 और गेम हैं। ब्राजील की टीम विश्वप में अपना अभियान 13 जून को मोरक्को के खिलाफ शुरू करेगी।



# तेज गेंदबाज अशोक ने अपनी रफ्तार से प्रभावित किया




चंडीगढ़ । आईपीएल के इस सत्र में गुजरात टाइटंस टीम से खेल रहे युवा तेज गेंदबाज अशोक शर्मा ने अपनी गेंदबाज से सभी को प्रभावित किया है। अशोक ने इस सत्र की शुरुआत पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से की थी। अशोक ने अपने पहले ही मैच में 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचा है। शोक ने इससे पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। उसी के कारण उन्हें आईपीएल के लिए गुजरात ने शामिल किया है। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा। वह कए साधारण परिवार से आये हैं। उन्होंने नेट गेंदबाज के तौर पर राजस्थान रॉयल्स के लिए काम किया है। इसके बाद उन्हें आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 55 लाख रुपए में खरीदा था पर उन्हें एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिल सका। इसके बाद गुजरात टाइटंस ने उन्हें 90 लाख रुपए में शामिल किया। अशोक ने फर्स्ट क्लास करियर में 4 मैच खेले हैं, जिसमें 29.71 की औसत के साथ 14 विकेट हासिल किए। वहीं, 7 लिस्ट-ए मुकाबलों में उनके नाम 13 विकेट हैं। अशोक ने अपने टी20 करियर में 10 मैच खेले हैं, जिसमें 15.63 की औसत के साथ 22 विकेट लिए हैं।

# 2027 एकदिवसीय विश्वकप में मिलर सहित कई अनुभवी खिलाड़ी नजर नहीं आयेंगे

जोहांसबर्ग । दक्षिण अफ्रीका की टीम 2027 एकदिवसीय विश्वकप में डेविड मिलर, रासी वैन डेर डुसेन सहित कई स्टार खिलाड़ियों के बिना ही खेलती दिखेगी। इसका कारण है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने साल 2026-27 सत्र के लिए मिलर सहित कई खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया है। वहीं युवा खिलाड़ियों को पहली बार शामिल किया गया है। मिलर को केन्द्रीय अनुबंध के अलावा हाइब्रिड करार भी नहीं दिया गया है। इससे उनके अंतराराष्ट्रीय करियर पर सवाल उठने लगे हैं। मिलर ने कुछ समय पहले कहा था कि वह 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं पर अब उनकी ये इच्छा अधूरी ही रह जाएगी। मिलर के अलावा रासी वैन डेर डुसेन को हाइब्रिड करार नहीं मिला। वहीं बल्लेबाज रीजा हैननिक और तेज गेंदबाज नांद्रे बरगर भी करार में जगह हासिल नहीं कर पाये हैं। इस बार दक्षिय अफ्रीका बोर्ड ने नये खिलाड़ियों को अधिक अवसर दिया है। इस बार सीएसके ने युवा खिलाड़ियों डेवाल्ड ब्रैविस, कोर्बिन बास , आंटेरिन बार्टमैच जैसे युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताते हुए अनुबंध यसूची में शामिल किया है। इसके अलावा ऑफ स्पिनर सिमोन हार्मर को भी पहली बार करार मिला है। इस बार उन घरेलू खिलाड़ियों को भी अवसर दिया गया है। जो भविष्य में इंटरनेशनल क्रिकेट खेल सकते हैं। चयन संयोजक पैट्रिक मोरोनी ने कहा, आगे का सत्र काफी व्यस्त और अहम होने वाला है, इसलिए टीम में अनुभवी के साथ ही नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 2027 एकदिवसीय विश्वप कप को ध्यान में रखते हुए हमने ऐसे खिलाड़ियों को चुना है, जिनमें बड़े टूर्नामेंट जीतने की क्षमता और सही मानसिकता है। उसकी अनुबंध सूची में टेम्बा बावुमा, एडेन मार्करम, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और काइल वेर्रेयन जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं।



# विराट और रोहित चोटिल हुए, अगले मैच में खेलने को लेकर उठे सवाल

**मुम्बई (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में टखने में चोट लग गयी है। जिससे कारण उनके आईपीएल के अगले मैच में खेलने को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इससे आरसीबी को झटका लगा है। वहीं मुम्बई के भी पूर्व कप्तान मुम्बई रोहित शर्मा इसी मैच में चोटिल हो गये। इससे मुम्बई की भी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। विराट की फिटनेस को लेकर आशंकाएं इसलिए भी बढ़ गयी हैं क्योंकि वह मुम्बई की बल्लेबाजी के दौरान मैदान पर नहीं उतरे। हालांकि इस मैच में आरसीबी की टीम जीत गयी। मैच के बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार और ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने कहा कि कोहली के शीघ्र ठीक होने की उम्मीद है। पाटीदार ने कहा, 'मुझे अभी नहीं पता, लेकिन मुझे लगता है कि वह अभी ठीक हैं।'

वहीं क्रुणाल ने कहा, 'मैंने अभी फिजियो से बात नहीं की है पर मुझे लगता है कि वह ठीक हो जाएंगे, चिंता की कोई बात नहीं है।' इस मैच में विराट ने हालांकि बल्लेबाज के दौरान फिल सॉल्ट के साथ 120 रनों की शुरुआती साझेदारी की थी। विराट ने 38 गेंद में ही अर्धशतक लगा दिया था। वहीं इस मैच में मुम्बई के सलामी बल्लेबाज रोहित भी चोटिल हो गये हैं। इसी कारण ही रोहित को पांचवें ओवर के बाद मेडिकल हेल्प लेनी पड़ी। हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण रोहित छठे ओवर की दूसरी गेंद के बाद मैदान से बाहर चले गए। उन्होंने 13 गेंद में 19 रन बनाए और वह वापस मैदान में उतर नहीं पाये। आरसीबी का अगला मैच 15 अप्रैल को जबकि मुंबई इंडियंस का 16 अप्रैल को होना है ऐसे में विराट और रोहित दोनों को अपनी-अपनी चोट से उबरने के लिए कुछ दिन का समय मिलेगा।



एक नजर

## नेपाल के पीएम बालेन्द्र शाह जल्द करेंगे भारत दौरा

**काठमांडू :** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा है कि नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारतीय प्रधानमंत्री केनिमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। भारत भ्रमण की तैयारी को लेकर जल्द ही भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री का नेपाल दौरा होने वाला है। मॉरीशस से लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीति सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण, संतुलित और शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखना है। उनकी सरकार संप्रभुता, भौगोलिक अखंडता और पारस्परिक सम्मान पर आधारित देश के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। विदेश मंत्री खनाल ने भारतीय विदेश मंत्री के साथ मुलाकात के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के भारत भ्रमण को लेकर भी चर्चा होने की जानकारी दी।

## घूस लेने के आरोपी आर्मी इंजीनियर को भेजा जेल, सीबीआई संपत्ति की जांच में जुटी

**जोधपुर :** जयपुर में पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए असिस्टेंट गैरिसन इंजीनियर सुधांशु सुमन को दो दिन की रिमांड अवधि पूरी होने पर सीबीआई की टीम ने सोमवार को जोधपुर की विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 27 अप्रैल तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इससे पहले शनिवार को गिरफ्तारी के बाद सीबीआई टीम उसे जयपुर से जोधपुर लेकर पहुंची थी।

# तमिलनाडु में डबल इंजन सरकार से विकास को मिलेगी नई रफ्तार : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु में भाजपा-नीत राजग को जनता बदलाव की उम्मीद के साथ देख रही है और कार्यकताओं की मेहनत से एक सकारात्मक माहौल तैयार हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि तमिलनाडु में 'डबल इंजन सरकार' बनती है, तो विकास कार्यों की रफ्तार और तेज हो जाएगी। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद- तमिलनाडु' कार्यक्रम में कार्यकताओं से आग्रह किया कि




वे छोटे-छोटे समूह में बैठकें आयोजित करें और अपने अनुभव साझा करें। उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं तक पहुंच बनाने पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि सत्ता में न होने के बावजूद राजग ने राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। किसानों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के लिए बिचौलियों की भूमिका समाप्त की गई है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत तमिलनाडु के किसानों को हजारों करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। इसके अलावा फसल बीमा योजना के अंतर्गत भी किसानों के दावों का बड़े पैमाने पर निपटान किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में तमिलनाडु में 11 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं और मेडिकल सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने इसे मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। साथ ही रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और हवाई अड्डों से जुड़े कई बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर तेजी से काम होने का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना के तहत लाखों युवाओं, छोटे व्यापारियों और विशेष रूप से महिलाओं को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया गया है, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है। केंद्र सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने राज्य की डीएमके सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उसके रवैये के कारण कई गरीब और पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं उठा पाए।

## प्रधानमंत्री आज दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर का निर्माण 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। यह परियोजना दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को नई गति देगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। सुबह लगभग 11:15 बजे प्रधानमंत्री दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के एलिवेटेड सेक्शन पर वन्यजीव गलियारे



की समीक्षा करने के लिए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जाएंगे। सुबह लगभग 11:40 बजे प्रधानमंत्री देहरादून के पास स्थित 'जय मां दात काली मंदिर' में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद, दोपहर लगभग 12:30 बजे, प्रधानमंत्री देहरादून में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

## अमेरिका ने होर्मुज में शुरू की नाकाबंदी, ट्रंप बोले- ईरानी फास्ट अटैक जहाज को करेंगे नष्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी सैन्य बलों ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों पर नाकाबंदी लागू कर दी है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर उठाया गया है, जिसके बाद हॉर्मुज स्ट्रेट सेअमेरिकी सैन्य बलों ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों पर नाकाबंदी लागू कर दी है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर उठाया गया है, जिसके बाद हॉर्मुज स्ट्रेट से गुजरने



वाले जहाजों पर सख्त निगरानी बढ़ा दी गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्पष्ट किया कि नाकाबंदी ईरानी बंदरगाहों में आने-जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर समान रूप से लागू होगी, हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच आवागमन वाले जहाजों को हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। बता दें कि यह नाकाबंदी अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद शुरू हुई है। शनिवार-रविवार को पाकिस्तान में हुई लंबी बातचीत बेनतीजा रही, जिसके बाद ट्रंप प्रशासन ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए यह सख्त कदम उठाया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या निकास करने वाले सभी जहाजों को रोकेगी। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरानी 'फास्ट अटैक' जहाज अमेरिकी नाकाबंदी के करीब आए तो उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली मे होगा संघ गंगा के तीन भगीरथ नाटक का मंचन




**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दिल्ली में 15, 18 एवं 19 अप्रैल को तीन अलग-अलग स्थानों पर 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' नामक विशेष हिंदी नाटक का मंचन किया जाएगा। नाटक के निर्देशक संजय पेंडसे ने इसकी जानकारी दी। पेंडसे के अनुसार संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में इस नाटक का मंचन किया जा रहा है। 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' नाटक संघ के प्रथम तीन सरसंघचालकों- डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, माधव सदाशिव गोलवलकर और बालासाहेब देवरस के जीवन एवं उनके योगदान पर आधारित है। नाटक के माध्यम से संघ की सौ वर्षों की यात्रा को सजीव रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। दिल्ली में पहला मंचन 15 अप्रैल, बुधवार को 'कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स' द्वारा आयोजित किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाल कृष्ण भरतिया ने बताया कि यह प्रस्तुति नई दिल्ली के संसद मार्ग स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शाम 5 बजे होगी। नाटक का लेखन श्रीधर गाडगे ने किया है।

## मप्र पहुंचे केन्द्रीय मंत्री गडकरी, कृषि महोत्सव में होंगे शामिल



**भोपाल :** केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को मध्य प्रदेश के एकदिवसीय प्रवास पर रायसेन पहुंचे। वे यहां तीन दिवसीय राष्ट्रीय उन्नत कृषि महोत्सव 2026 प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। केन्द्रीय मंत्री गडकरी सोमवार दोपहर करीब एक बजे विमान से भोपाल के राजाभोज विमान तल पहुंचे। यहां उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी केन्द्रीय मंत्री से भेंटकर उनका स्वागत किया। भोपाल विमानतल पर कुछ देर विश्राम करने के बाद केन्द्रीय मंत्री गडकरी रायसेन के लिए रवाना हुए। केन्द्रीय मंत्री रायसेन में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना की समीक्षा करेंगे।




**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखण्ड

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

**संदेश**



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 14 से 20 अप्रैल, 2026 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society-Together for Fire Prevention" (सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ) रखा गया है।

अग्निकांड एक गंभीर एवं विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन-सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होनेवाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society-Together for Fire Prevention", "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड

PR- 377388 (Jharkhand Fire Service) 26-27


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**